26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 28 जून, 2026

अंक- 244 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## पंचायत चुनाव को लेकर योगी सरकार का बड़ा फैसला

# हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ करेगी अपील

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रधानों को प्रशासक नहीं बनाए जाने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार अपील करेगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की एकल पीठ ने 25 जून के अपने आदेश में कहा है कि असांविधानिक हो चुके नियमों के तहत ग्राम प्रधान प्रशासक की भूमिका नहीं निभा सकते हैं। सरकार को 13 जुलाई तक चुनाव की रूपरेखा पेश करने का भी आदेश दिया है। कोर्ट ने आदेश में कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 243 (ई) और 243 (के) के तहत पंचायतों का कार्यकाल पांच वर्ष से अधिक नहीं बढ़ाया जा सकता। वहीं, शासन के उच्चपदस्थ सूत्रों का कहना है कि उप्र पंचायतीराज अधिनियम 1947 की धारा 12 की उपधारा (3-ए) मुख्य रूप से ग्राम पंचायत के कार्यकाल और चुनाव टलने की असाधारण परिस्थितियों से संबंधित है।


**Teachers Required**

**T.G.T.-** English, Maths, Science,

**PRT-** Nursery Teachers All Subjects.

**Atractive salary**

Please Contact with your Testemonials. between 8:AM to 12:00 Noon

**From 23.6.25 to 30.6.25**

**St. John's School, Nai Basti B-14, Bijnor**

**9927979617, 9837801885**


## राम मंदिर चढ़ावा मामले में बड़ा एक्शन

# आरोपियों के घर पुलिस की छापेमारी

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। इस केस की जांच कर रही टीमों ने आज अयोध्या में रहने वाले सभी आरोपियों के घरों पर छापेमारी की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अपनी जांच में तेजी ला रही है, ताकि इस पूरे मामले से जुड़े तथ्यों का पूरी तरह खुलासा हो सके।



पुलिस इस मामले के हर एक पहलू को गहराई से देख रही है ताकि सच्चाई सामने आ सके। जांच टीम ने अपनी कार्रवाई का दायरा बढ़ाते हुए अयोध्या में रहने वाले आरोपियों के घरों पर कार्रवाई की है। पुलिस की अलग-अलग टीमें अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मुख्य आरोपी रमाशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव, मनीष यादव, करुणेश पांडे और रमा शंकर मिश्रा के घर पहुंचीं। इन सभी ठिकानों पर पुलिस पूरी बारीकी से तलाशी ले रही है, ताकि केस से जुड़े अहम सबूत जुटाए जा सकें। जांच टीमें एक-एक घर के कौने खंगाल रही हैं ताकि कोई भी सबूत छूटने न पाए।

### दो नाम छोड़कर बाकी सभी के परिवारों से पूछताछ


कार्रवाई के दौरान लोकल मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस इन आरोपियों के परिवार के सदस्यों से कड़ी पूछताछ कर रही है। हालांकि, जांच टीम सुभाषचंद्र श्रीवास्तव और प्रतापगढ़ के रहने वाले अविनाश शुक्ला को छोड़कर बाकी सभी आरोपियों के परिजनों से सवाल-जवाब करने में जुटी है। साथ ही पुलिस आस-पड़ोस में रहने वाले लोगों से भी इन आरोपियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# फिर विवादों में आईएएस रिंकू सिंह

**जालौन ( एजेंसी/चिंगारी )।** आईएएस सेवा से इस्तीफा देकर सुर्खियों में आए एसडीएम रिंकू सिंह राही एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। भिटारा स्थित बेतवा आइस एंड कोल्ड स्टोरेज के निरीक्षण के दौरान उन पर ब्लॉक प्रमुख ने अभद्र व्यवहार, थप्पड़ मारने के प्रयास और धक्का देने का आरोप लगाया गया है। मामले की शिकायत मिलने के बाद जिलाधिकारी ने जांच के आदेश देते हुए एडीएम (वित्त एवं राजस्व) राजीव राय को जांच सौंप दी है।



ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार 23 जून को एसडीएम रिंकू सिंह राही मुख्य अग्निशमन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, नलकूप विभाग और उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ बेतवा आइस एंड कोल्ड स्टोरेज के निरीक्षण पर पहुंचे थे। आरोप है कि निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी अभिलेख मात्र ढाई मिनट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने अधिकारियों से कार्यालय में बैठकर अभिलेख देखने का अनुरोध किया था तथा आश्वासन दिया था कि जो भी कमियां होंगी उनका तत्काल निराकरण कराया जाएगा।

# कोल्ड ड्रिंक की चुस्कियों के बीच बुझ गया जिंदगी का चिराग़

## मंडावर क्षेत्र में तीन बाप-बेटों पर युवक की चाकू से गोदकर हत्या करने का आरोप

### पुरानी रंजिश बनी खूनी वारदात की वजह, मजदूरी को लेकर चल रहा था विवाद; परिवार में मचा कोहराम, गांव में पसरा मातम

**बिजनौर (चिंगारी)। मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम कोहरपुर में आज सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब 19 वर्षीय एक युवक की कथित रूप से तीन लोगों ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी। चंद मिनट पहले तक अपने चचेरे भाई के साथ दुकान पर कोल्ड ड्रिंक पी रहा युवक देखते ही देखते खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर पड़ा। इस हृदयविदारक घटना से गांव में दहशत और मातम का माहौल है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।**

जानकारी के अनुसार ग्राम कोहरपुर निवासी चरण सिंह का 19 वर्षीय पुत्र बिट्टू आज सुबह अपने चचेरे भाई आशू पुत्र विनोद के साथ गांव की एक दुकान पर खड़ा कोल्ड ड्रिंक पी रहा था। इसी दौरान गांव निवासी सुरेंद्र वहां पहुंचा और कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए बिट्टू से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सुरेंद्र ने चाकू निकालकर बिट्टू के सीने पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल बिट्टू को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।





पोस्टमार्टम हाउस पर ग्रामीण से पूछताछ करते थाना प्रभारी

युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जिला अस्पताल में परिजनों की चीख-पुकार सुनकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। गांव में घटना के बाद भारी भीड़ जमा हो गई। पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। मृतक के पिता चरण सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में गांव निवासी सुरेंद्र तथा उसके दोनों पुत्र अमित और नीटू को नामजद करते हुए हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि आरोपियों की बिट्टू से काफी समय से रंजिश चली आ रही थी। करीब तीन माह पूर्व भी केलावाली दोयज के दौरान बिट्टू के साथ मारपीट की गई थी, जिसके बाद से आरोपी लगातार उसे धमकियां दे रहे थे।

मृतक के परिजनों के अनुसार उनका परिवार मजदूरी कर जीवन-यापन करता है। उनका आरोप है कि सुरेंद्र चाहता था कि बिट्टू उसके यहां मजदूरी करे, लेकिन बिट्टू ने वहां काम करने से इनकार कर दिया था। इसी बात को लेकर सुरेंद्र उससे खार खाए बैठा था। परिवार का कहना है कि आरोपी अक्सर बिट्टू को धमकाते हुए कहता था, मेरी नज़रों के सामने मत आया कर, नहीं तो जान से मार दूंगा। घटना की सूचना मिलते ही मंडावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।



बिजनौर पोस्टमार्टम हाउस पर विलाप करते मृतक के परिजन

## नदीम फारूकी सोशल मीडिया विभाग के जिला सचिव बने

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** जिला बिजनौर कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग द्वारा नजीबाबाद के मौहल्ला जाब्तागंज निवासी नदीम फारूकी को सोशल मीडिया विभाग का जिला सचिव नियुक्त किया गया है। नदीम फारूकी ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सोशल मीडिया विभाग की प्रदेश अध्यक्ष सुश्री शालिनी सिंह, जिला अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह, सोशल मीडिया के जिला अध्यक्ष काजी आतिफ अली का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास दिलाया है कि जो भी जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसे वह पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पूरा करते हुए कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी व उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी सहित नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सभी नदीम फारूकी को इसके लिए बधाई दी है।




बिजनौर में खुल गया है

ATHER

कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर

आज ही लायें एथर स्कूटर

ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 28 जून, 2026

**आवश्यकता है**

हल्दौर स्थित फैक्ट्री के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है।

कार्य- डेटा एंट्री, बिलिंग, रिकॉर्ड मैनेजमेंट, ईमेल/WhatsApp कम्युनिकेशन एवं MS Excel, MS Word, इंटरनेट का अनुभव, हिंदी व अंग्रेज़ी टाइपिंग का ज्ञान

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मो-8077377404

# राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव या CEO बन सकते हैं नृपेंद्र मिश्रा

## चंपत राय अयोध्या से हटेंगे, दिल्ली जाना तय अनिल मिश्रा साइडलाइन होंगे

श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट भंग होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। दान चोरी और इस्तीफों के दौर के बाद ट्रस्ट की 11 जुलाई को बैठक होने जा रही है। सूत्रों के अनुसार, आंतरिक संकट और प्रशासनिक गतिरोध के चलते पूरे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को ही भंग किया जा सकता है। मंदिर के मुख्य कर्ताधर्ताओं के इस्तीफे और वरिष्ठ सदस्यों की अनुपस्थिति के बाद ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं। 11 जुलाई को होने वाली बैठक में नये ट्रस्ट के गठन पर अंतिम मुहर लग सकती है। साथ ही ये कयास लगाए जा रहे हैं नृपेंद्र मिश्रा को बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।



### नेतृत्व संकट में फंसा ट्रस्ट

दरअसल, राम मंदिर के दैनिक कार्यों और पूरी व्यवस्था की देखरेख की मुख्य जिम्मेदारी महासचिव चंपत राय और डॉक्टर अनिल मिश्रा के कंधों पर थी। ये अयोध्या में रहकर पूरा प्रबंधन संभालते थे, लेकिन दान गबन मामले में इन दोनों दिग्गजों के इस्तीफे के बाद ट्रस्ट के भीतर एक बड़ा प्रशासनिक शून्य पैदा हो गया है। वहीं दूसरी ओर ट्रस्ट के एक अन्य महत्वपूर्ण सदस्य राजा विमलेंद्र मोहन मिश्रा का बीते दिनों निधन हो चुका है, जबकि राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष पूज्य महंत नृत्यगोपाल दास जी महाराज लंबे समय से अस्वस्थ हैं और फिलहाल बोलने में भी असमर्थ हैं।

RVIT
leading RVITians...
17 YEARS OF QUALITY EDUCATION
ADMISSIONS OPEN 2026
ENGINEERING · PHARMACY MANAGEMENT
2200+ PLACEMENTS IN 17 YEARS | 990+ WORKSHOP TOURS | 85% PLACEMENTS IN 2025-26
MILESTONES Excellence Awards Year After Year.
B.TECH. ME, CE, CSE, AIML, EE, ECE
POLYTECHNIC ME, ELECTRONICS, CE
D. PHARM DIPLOMA IN PHARMACY
B. PHARM BACHELOR OF PHARMACY
BBA BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION
BCA BACHELOR OF COMPUTER APPLICATIONS
ONE OF THE LEADING ENGINEERING, PHARMACY & MANAGEMENT COLLEGE
9756 201 670
9756 201 671
www.rvit.ac.in
info@rvit.ac.in
R V INSTITUTE OF TECHNOLOGY
R V INSTITUTE OF PHARMACY
Bijnor Moradabad Road, Bijnor.

आदर्श आयुर्वेदा
गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें
धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी
जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।
गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।
पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर
मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE
इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती
डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें
आने से पहले कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

KUNWAR SATYAVIRA COLLEGE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
27 years of Excellence
Approved by AICTE, New Delhi • Affiliated to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27
COURSES OFFERED
B.TECH. (BIO-TECH | CE | CSE | ECE | EE | ME)
SPECIALIZATION:
Artificial Intelligence & Machine Learning
Data Science & Inrenet of Things (IoT)
Green Technology & Sustainability Engineering
Robotics & Electric Vehicles
M.B.A. (FINANCE | HRM | IB | IT | OM | MARKETING)
BBA BCA
Heartiest Congratulations
PRANAV MALIK B.TECH (CSE) Batch 2022-2026
PLACED IN TCS TATA CONSULTANCY SERVICES
PACKAGE LPA - 7.09
EXCELLENT ACADEMICS | EXPERIENCED FACULTY | MODERN LABS & INFRASTRUCTURE | INDUSTRY INTERFACE | HIGH PLACEMENT OPPORTUNITIES
CAMPUS: Bijnor City, Bijnor (U.P.) India
8191002009, 8191004009
EMAIL: admission@ksvira.edu.in
WEBSITE: ksvira.edu.in

# नजीबाबाद में कल होगी ओवैसी की जनसभा, समर्थकों में उत्साह



उवैसी की सभा के लिए पंडाल व मंच तैयार करता कर्मचारी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। ऑल इंडिया इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी कल 29 जून को नजीबाबाद आ रहे है। यह जानकारी देते हुए पार्टी के नजीबाबाद विधानसभा अध्यक्ष आफताब अंसारी ने बताया कि बैरिस्टर ओवैसी नजीबाबाद में आजाद चौक निकट अल फलाह स्कूल हर्षवाड़ा-कासमिया इंटर कॉलेज रोड पर सोमवार को शाम करीब चार बजे एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। असदुद्दीन ओवैसी की सभा को सफल बनाने के लिए आफताब अंसारी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता पिछले कई दिनों से दिन रात जुटे हुए है। ओवैसी की सभा के लिए काफी बड़ा पंडाल व मंच बनाया जा रहा है। यह पंडाल व मंच आज शाम तक बनकर तैयार हो जाएगा। उवैसी की सभा की तैयारी में पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष महताब चौहान व जिले की पूरी टीम लगी है। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ता लोगों से सम्पर्क कर उन्हें सभा में आने के लिए आमंत्रित कर रहे है, जिससे ओवैसी को देखने व सुनने के लिए काफी संख्या में लोगों के आने की संभावना है। विधानसभा चुनाव को देखते हुए नजीबाबाद में किसी बड़ी पार्टी के लीडर की यह पहली इतनी बड़ी जनसभा है। इस सभा को लेकर जहां ओवैसी समर्थकों में काफी उत्साह है वहीं अन्य राजनीतिक पार्टियों की भी उवैसी की सभा पर नज़र है।

## कोचिंग सेंटरों पर चैकिंग अभियान चलाकर दिये सुरक्षा के निर्देश



नजीबाबाद (चिंगारी)। लखनऊ के एनीमेशन/कोचिंग सेंटर में हुए दुखद भीषण अग्निकांड को दृष्टिगत रखते हुए डीएम व एसपी बिजनौर, मुख्य अग्निशमन अधिकारी बिजनौर डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार जनपद में संचालित एनीमेशन/कोचिंग सेंटर में अग्नि सुरक्षा व जीवन रक्षा के दृष्टिकोण से चेकिंग अभियान चलाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। उपरोक्त के क्रम में शनिवार को फायर स्टेशन नजीबाबाद, तहसील नजीबाबाद से डॉ. राजीव कुमार पांडे मुख्य अग्निशमन अधिकारी, एसडीएम व सीओ नजीबाबाद के आदेशानुसार प्रभारी अग्निशमन केन्द नजीबाबाद द्वारा एनीमेशन/कोचिंग सेंटर पर अग्निसुरक्षा सम्बन्धी चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें उपस्थित जन समूह को आग से बचाव के संबंध में जानकारी एवं मॉक ड्रिल कराई गई। दक्ष लाइब्रेरी कोतवाली रोड, डिफेन्स फिजिकल एकेडमी सिद्धबली विहार, युक्ति लाइब्रेरी कुसुम विहार कॉलोनी, होरीज़ॉन स्कील डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड (कौशल विकास केंद्र) नजीबाबाद के स्वामी/प्रबंधक को एक सप्ताह का समय देकर निर्देशित किया गया कि वह समय से अपनी अग्निशमन व्यवस्था निकास मार्ग रेलिंग कार्य, प्रत्येक कमरे में दो दरवाजे तथा दो जीने आदि पूर्ण करा ले।

## इलेक्ट्रिक स्कूटी के शोरूम का शुभारंभ



बिजनौर (चिंगारी)। नगर में नगीना रोड पर ग्राम रशीदपुर गढ़ी के पास जी.टी. फोर्स तथा ऊर्जा ग्लोबल की ई-स्कूटी के भव्य शोरूम का शुभारंभ चिंगारी सम्पादक सूर्यमणि रघुवंशी ने किया। शोरूम के स्वामी रजत जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए इलेक्ट्रिक स्कूटी की खूबियों की जानकारी दी। इस अवसर पर सर्व श्री पवन जैन, पुलकित जैन, श्रीमती सुमन जैन, श्रीमती मुस्कान जैन, अजीत चौधरी, नवनीत गुप्ता, डॉ. सिरोही, सैंकी चौधरी, अनंत जैन, नीरज चौधरी, सतीश त्यागी, शुभ रघुवंशी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। बता दें कि श्री महावीर ट्रेडर्स पिछले 3 वर्षों से बिजनौर में इलेक्ट्रिक स्कूटी के व्यवसाय में अग्रणी है। इनके पास कुशल मैकेनिक एवं सेल्स टीम है जो अपने कस्टूमर की हर छोटी से छोटी बात का ध्यान रखते हैं और उनको एक बेहतर अनुभव देते हैं। इनके पास ऊर्जा ग्लोबल एवं जीटी फोर्स की डीलरशिप है। ये दोनों ही कंपनी काफी पुरानी हैं और इलेक्ट्रिक वाहनों की मैन्यूफैक्चिरिंग में वर्ष 2015 से कार्यरत हैं। इनकी स्कूटी बहुत मजबूत, ज्यादा माइलेज, टिकाऊ और खूबसूरत डिजाइन में उपलब्ध हैं। श्री महावीर ट्रेडर्स के 700 से अधिक ग्राहक हैं, जो अब उनके परिवार का हिस्सा हैं।

## सिख समाज ने तख्त श्री हजूर साहिब बोर्ड कानून में संशोधन के विरोध में दिया ज्ञापन



नजीबाबाद (चिंगारी)। गुरुद्वारा नानकशाही श्री गुरु सिंह सभा नजीबाबाद के पदाधिकारियों ने शनिवार को महाराष्ट्र सरकार की ओर से तख्त श्री हजूर साहिब बोर्ड अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन का विरोध जताते हुए भारत के राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम शैलेन्द्र सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि महाराष्ट्र सरकार वर्ष 1956 से लागू तख्त श्री हजूर साहिब बोर्ड अधिनियम में संशोधन कर नया विधेयक विधानसभा सत्र में प्रस्तुत करने की तैयारी कर रही है। सिख समाज इस प्रस्तावित संशोधन का विरोध करता है। पदाधिकारियों का कहना है कि यह मामला सिख समुदाय की धार्मिक आस्था व परंपराओं से जुड़ा है। इस लिए किसी भी प्रकार का निर्णय समुदाय की सहमति के बिना नहीं लिया जाना चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग की गई कि केंद्र एवं महाराष्ट्र सरकार को निर्देशित किया जाए कि सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं व मान्यताओं का सम्मान करते हुए प्रस्तावित कानून पर पुनर्विचार करे। साथ ही किसी भी निर्णय से पहले सिख समाज के प्रतिनिधियों के साथ व्यापक संवाद स्थापित किया जाए। ज्ञापन देने वालों में गुरू सिंह सभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह बाधवा, सरदार बलवीर सिंह, चंचल सिंह, मनमोहन सिंह, जगमोहन सिंह, हरविन्द्र सिंह, गुरमीत सिंह, नरेन्द्र कक्कड़, हरेन्द्र सिंह, जसपाल सिंह, सरबजीत सिंह, बलविन्द्र सिंह सहित समाज के काफी लोग मौजूद रहे।

## मिर्जा जाकिर बेग़ की याद में लगाया फ्री मेडिकल कैम्प



बिजनौर (चिंगारी)। डॉ. आसिफ अख्तर बेग़ ने अपने वालिद मरहूम मिर्जा जाकिर बेग़ की याद में फ्री मेडिकल कैम्प लगया। कैम्प पूर्व चेयरपर्सन पति शमशाद अंसारी के कैम्प कार्यालय पर आयोजित हुआ। आज सुबह मेडिकल कैम्प का उद्घाटन सपा जिलाध्यक्ष हनी फैसल, प्रदेश सचिव राशिद राईन, व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा, उपाध्यक्ष हितेंद्र खरबन्दा, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष नईम अंसारी, मास्टर जावेद बेग़, सलीम बेग़, सपा जिला प्रवक्ता अख़लाक़ पप्पू, पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी, डॉ. आसिफ अख्तर बेग़, पेशकार इक़बाल अहमद, पूर्व सभासद वसीक अहमद व मो. शादाब आदि ने संयुक्त रूप से फीता कांटकर किया। कैम्प मे अलग-अलग बीमारियों से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सको ने मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया और उन्हें निशुल्क दवाईया वितरित की। मरीजों व उनके तीमारदारों के लिए भीषण गर्मी में रूह अफजा का भी इंतजाम किया गया था। कैम्प में मो. दानिश, डॉ. मैराज, डॉ. शाकिर इलाही, डॉ. साजिद अनवर, डॉ. असना बेग़,डॉ. आयशा मिर्जा, डॉ. हीना मैराज, डॉ. सुल्ताना नवाब, डॉ. सीमा नईम, डॉ. अज़्हर, डॉ. फरहान, अमान अहमद, अमान ज़ुबैर, तारिक और अरविंद ने मरीजों का चैकअप किया। शाहबाज़ अहमद, पत्रकार आसिफ अंसारी व इमरान अंसारी, अमजद अहमद, बख्तावर, सलीम व फहीम आदि का विशेष सहयोग रहा।

## हाईकोर्ट के कड़े रुख से प्रशासक बने ग्राम प्रधान मायूस

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को टालने की सरकार की कवायद को गहरा झटका दिए जाने पर कहीं खुशी कहीं गम का माहौल देखने को मिल रहा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के सख्त रुख को देखते हुए जहां एक ओर प्रशासक बनाए गए मौजूदा ग्राम प्रधान मायूस नजर आ रहे हैं वहीं प्रधान पद के चुनाव की तैयारियों में लगे संभावित प्रत्याशियों के चेहरों पर रौनक दिखाई देने लगी है। गत 26 जून को प्रदेश में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल पूरा हो गया था मगर प्रदेश सरकार ने पंचायत चुनाव को टालते हुए मौजूदा ग्राम प्रधानों को ही आगामी 6 माह के लिए प्रशासक नियुक्त कर दिया था जिसे लेकर प्रशासक बने मौजूदा ग्राम प्रधानों में खुशी की लहर दौड़ गई थी और चुनाव की तैयारियों में लगे प्रत्याशियों में मायूसी देखने को मिली थी। सुबह से लेकर पूरा दिन एवं देर रात तक जनता से मुलाकात में लगे संभावित प्रत्याशी ग्राम प्रधानों कोप्रशासक बनाए जाने वाले निर्णय के बाद खामोश होकर घर बैठ गए थे। मुफ्त की दावत के को भी कोई दावत तो क्या चाय पिलाने तक को नहीं मिल पा रहा था मगर इसी बीच हाईकोर्ट के आए इस सख्त रुख के बाद जहां एक और प्रशासक बने प्रधान मायूस नजर आ रहे हैं वहीं दूसरी ओर प्रधान पद के संभावित प्रत्याशी एक बार फिर घरों से निकलकर अवाम के बीच जाने लगे हैं और उन्हें आगामी 13 जुलाई का बड़ी बेताबी से इंतजार हो रहा है क्योंकि 13 तारीख को हाईकोर्ट द्वारा इस प्रकरण को लेकर सुनवाई होनी है। इस संबंध में अखिल भारतीय प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ग्राम पंचायत दहलावाला के प्रशासक डॉ. राजेश सिंह 卐रवि卐 ने कहा कि हाई कोर्ट द्वारा अभी ग्राम प्रधानों को प्रशासक पद से हटाया नहीं गया है।

## भाजपा नेत्री ने प्रदेश अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट की

नजीबाबाद (चिंगारी)। भाजपा की पूर्व प्रांतीय पार्षद लीना सिंघल ने लखनऊ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री धर्मपाल से शिष्टाचार भेंट कर मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।

//23+ years of LEGACY

THE FUTURE WITH ARTIFICIAL INTELLIGENCE.


Degree Programme

- B.V.Sc & A.H.
- BAMS
- BNYS
- B.Pharmacy
- Post Basic BSc Nursing
- B.Sc. Nursing
- B.P.T.
- B.M.L.S.
- B.Optometry
- B.Sc. Microbiology
- B.Sc. Biotechnology
- B.Sc. Food Technology
- B.Tech (CSE)
- BCA
- B.Sc. (Computer Sc.)
- BBA
- BBE
- B. COM
- BA LL.B
- BBA LL.B (Hons.)
- B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
- B.Sc. Agriculture (Hons.)
- B.Sc. Home Science

Diploma Programme

- Diploma in Agriculture
- Diploma in Veterinary Science
  Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
- Diploma in Pharmacy
- Diploma in Engineering (Polytechnic)
- Diploma in Elementary Education (BTC)
- G.N.M. I A.N.M.

CONTACT US:
7055604050
7055604040



www.vivekuniversity.ac.in

VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701

# नेताओं की परिक्रमा से नहीं, काम और छवि से मिलेगा टिकट

## भाजपा ने चेंज की चुनावी रणनीति

**देहरादून ( चिंगारी )।** विधानसभा चुनाव 2027 की आहट अभी दूर दिखाई देती है, लेकिन भाजपा ने चुनावी शतरंज की बिसात अभी से बिछा दी है। प्रदेश की सभी 70 विधानसभा सीटों के लिए अलग-अलग कोर कमेटियों का गठन कर भाजपा ने साफ संकेत दे दिया है कि इस बार चुनाव केवल प्रचार से नहीं, बल्कि सूक्ष्म संगठनात्मक प्रबंधन के दम पर लड़ा जाएगा।

भाजपा की नई रणनीति के तहत प्रत्येक विधानसभा सीट पर गठित कोर कमेटी सीधे प्रदेश नेतृत्व को फीडबैक देगी। इसमें क्षेत्र की राजनीतिक परिस्थितियां, जातीय एवं सामाजिक समीकरण, स्थानीय मुद्दे, विकास कार्यों की स्थिति, विपक्ष की सक्रियता और कार्यकर्ताओं की नाराजगी जैसे विषय शामिल रहेंगे। इसका अर्थ साफ है कि पार्टी अब चुनावी निर्णय केवल देहरादून में बैठकर नहीं बल्कि प्रत्येक विधानसभा से मिलने वाले वास्तविक फीडबैक के आधार पर करेगी। सबसे अधिक फोकस उन सीटों पर किया जा रहा है, जहां 2022 के चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। इन सीटों पर सांसद, वरिष्ठ नेता और संगठन पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी दी गई है, ताकि कमजोर बूथों की पहचान कर उन्हें मजबूत किया जा सके। साथ ही उन क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क अभियान चलाने की भी योजना है, जहां पार्टी का वोट प्रतिशत कम रहा था।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा इस बार टिकट वितरण से पहले ही संभावित दावेदारों के प्रदर्शन की निगरानी शुरू कर चुकी है। कोर कमेटियां यह भी देखेंगी कि कौन नेता जनता के बीच सक्रिय है, किसकी स्वीकार्यता अधिक है और किसके खिलाफ स्थानीय स्तर पर नाराजगी है। ऐसे में टिकट की दौड़ अब केवल नेताओं की राजनीतिक पहुंच से नहीं बल्कि उनके जमीनी प्रदर्शन से भी तय होती दिखाई दे सकती है।

### सबसे बड़ी चुनौती..

**भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती सत्ता विरोधी माहौल को नियंत्रित करना होगी। लगातार दो कार्यकाल सरकार चलाने के बाद स्वाभाविक रूप से जनता की अपेक्षाएं भी बढ़ी हैं। बेरोजगारी, पलायन, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और स्थानीय विकास जैसे मुद्दों पर विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी में है। ऐसे में कोर कमेटियां केवल चुनावी मशीनरी नहीं बल्कि सरकार और जनता के बीच संवाद का माध्यम भी बनेंगी।**



सैय्यद नमक शाह बाबा की दरगाह पर सजा रूहानी समां।

# सैयद नमक शाह बाबा की दरगाह पर हुआ हुसैनी लंगर का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** बड़ी मंडी स्थित हज़रत सैय्यद नमक शाह बाबा की दरगाह पर मुहर्रम के मुक़द्दस मौके पर नातख्वानी, फ़ातिहा ख्वानी और हुसैनी लंगर का आयोजन किया गया। 9वीं मुहर्रम की रात दरगाह पर आयोजित नातख़्वानी महफ़िल में नातख्वानों और शायरों ने हज़रत इमाम हसन (अ.स.), हज़रत इमाम हुसैन (अ.स.) और शहीदाने कर्बला की याद में ईमान अफ़रोज़ कलाम पेश किए। महफ़िल में मौजूद अकीदतमंदों ने अश्कबार आंखों से कर्बला के पैग़ाम को याद किया और पूरे माहौल में इश्क़-ए-अहलेबैत की खुशबू बिखर गई। इसके बाद यौमे आशूरा की सुबह फ़ातिहाख्वानी के साथ हुसैनी लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने शिरकत कर लंगर ग्रहण किया और हज़रत इमाम हुसैन (अ.स.) की कुर्बानी को खिराज-ए-अक़ीदत पेश किया। इस अवसर पर दरगाह के सज्जादा नशीन मोहम्मद आबिद सक़लैनी, हाजी ज़ाकिर सलमानी, इश्तियाक सैफ़ी, मालिक रज़ा सक़लैनी, अहमद रज़ा सक़लैनी, सोनू सलमानी, हैदर अली सक़लैनी, शान सलमानी, अदनान सलमानी, उमैर अली, जावेद शमसी सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

# पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क, छह महीने बाद भी नहीं हो सकी दुरुस्त

## सड़क पर बने गड्ढे बने दुर्घटना के कारण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी द्वारा एडीबी पोषित पेयजल परियोजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई मानपुर चौराहा-बेलाडाट सड़क छह माह बाद भी पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो सकी है। सड़क की मरम्मत अधूरी छोड़ दिए जाने से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि जरा सी बारिश में सड़क पर पड़े गड्ढे और उबड़-खाबड़ सतह दुर्घटना का कारण बन रही है।

क्षेत्रवासियों एबी घिल्डियाल, सुरेंद्र सिंह, मनोज कुमार व वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पेयजल लाइन बिछाने के बाद कार्यदायी संस्था सड़क को समतल किए बिना ही कार्यस्थल छोड़ गई। इसके बाद लोक निर्माण विभाग दुगड्डा ने खंतवाल मोहल्ला तक सड़क के मध्य भाग में इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाकर निर्माण कराया लेकिन जगदीशपुर कॉलोनी गेट से आगे और खंतवाल मोहल्ले से मानपुर चौराहे तक का हिस्सा अब भी बदहाल स्थिति में पड़ा है। बताया कि सड़क पर किया डामर उखड़ चुका है और कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। वहीं, खुदान के बाद समतलीकरण नहीं होने से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। इस मार्ग से मानपुर, शिवपुर, लालपुर, ध्रुवपुर और सतीचौड़ समेत आसपास के कई क्षेत्रों के लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। सुबह-शाम टहलने आने वाले लोगों को भी खराब सड़क के कारण परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं इस संबंध में लोनिवि दुगड्डा के ए ई कंचन मुयाल ने बताया कि सड़क पर इंटरलॉकिंग टाइल्स से निर्माण प्रस्तावित है। कुछ हिस्से का कार्य पूरा हो चुका है और शेष भाग का निर्माण भी जल्द करा दिया जाएगा।

# मई माह में जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 17 पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने सम्मानित किया





**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने मई माह में जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन उपनिरीक्षक समेत 17 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इनमें बाजार चौकी इंचार्ज विनोद कुमार चपराना, कलालघाटी चौकी इंचार्ज राजाराम डोभाल, स्नेह चौकी इंचार्ज दिनेश चमोली, अ.उ.नि. विजय नौटियाल, मुख्य आरक्षी करन सिंह, मुख्य आरक्षी बलबीर, मुख्य आरक्षी संदीप, मुख्य आरक्षी राजूलाल, आरक्षी रविन्द्र सिंह, आरक्षी कुलदीप सिंह, आरक्षी चन्द्रपाल, आरक्षी दिनेश दिलवाल, आरक्षी टीपी निर्मल कुमार, आरक्षी बद्रीलाल, आरक्षी सुरेन्द्र कुमार, होमगार्ड कुलदीप, होमगार्ड अमन कुमार को सम्मानित किया गया। उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक मनोज ठाकुर, अपर पुलिस अधीक्षक संचार अनूप काला, अभियोजन अधिकारी जावेद अहमद, क्षेत्राधिकारी सदर पौड़ी तपेश कुमार, क्षेत्राधिकारी कोटद्वार श्रीमती अस्मिता मंमगाई, सीएफओ राजेंद्र खाती, सहित समस्त निकटवर्ती थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# आधी धनराशि एडवांस लेकर अधूरा निर्माण छोड़ गया ठेकेदार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नं. 31 पदमपुर मोटाढ़ाक में एक ठेकेदार द्वारा आधी से अधिक धनराशि लेकर भवन निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने इस संबंध में स्थानीय पार्षद सौरव नौडियाल को अवगत कराया। इसके बाद पार्षद और पीड़ित व्यक्ति कमला प्रसाद ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि पीड़ित कमला प्रसाद ने 31 अक्टूबर 2025 को पदमपुर मोटाढ़ाक में अपने मकान निर्माण के लिए एक ठेकेदार से अनुबंध किया, जिसके अनुसार 29,00,000 की धनराशि से बनने वाले मकान का निर्माण कार्य आठ महीने में पूर्ण किया जाना था। पीड़ित के अनुसार ठेकेदार को अब तक 25,00,000 रू. का भुगतान वे कर चुके थे। लेकिन ठेकेदार रकम लेकर बीच में ही काम छोड़कर चला गया है। कहा कि मकान में अभी कई कार्य अपूर्ण हैं। वहीं ठेकेदार पिछले एक महीने से फोन नहीं उठा रहा है, इस कारण उन्हें मानसिक परेशानी से जूझना पड़ रहा है। ज्ञापन में उपजिलाधिकारी से उक्त ठेकेदार पर कार्रवाई करने और क्षेत्र में कार्य करा रहे बाहरी ठेकेदारों के सत्यापन की मांग भी की गई है।

# नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़े वैश्य महासभा : डॉ. प्रेमचंद

## अ.भा. वैश्य महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हरिद्वार स्थित एक होटल में आयोजित की गई, जिसमें ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कार्यक्रम के दौरान महासभा के पूर्व मुख्य संरक्षक स्वर्गीय श्री ज्वाला प्रसाद 'अनिल' की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सामाजिक योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्व. अनिल जी का जीवन समाज सेवा, संगठन को सशक्त बनाने और वैश्य समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा, जो सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि वैश्य समाज देश की आर्थिक एवं सामाजिक संरचना का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने संगठन की एकजुटता, समाज हित में सक्रिय भागीदारी तथा नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चंद गर्ग, संरक्षक अवधेश अग्रवाल हीरालाल मित्तल, राजीव मोहन अग्रवाल कृष्ण कुमार सिंघल पूर्व दर्जाधारी अजय गुप्ता मधु गोविल, श्रीमती भारती गर्ग, श्रीमती नीलिमा अग्रवाल श्यामलाल अग्रवाल श्रीमती शकुंतला अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# अस्पताल में बच्ची को जन्म देने के बाद प्रसूता की मृत्यु होने पर हुआ हंगामा

## अस्पताल संचालक, स्टाफ सहित हुआ फरार

**धामपुर (चिंगारी)।** स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और मिली भगत से नगर में चल रहे झोलाछाप जच्चा-बच्चा केंद्र पर आज रविवार की तड़के डिलीवरी कराने आई एक महिला की प्रसव के दौरान मौत हो गई जिससे परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पाकर परिजन अस्पताल पहुंचे और जमकर हंगामा किया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम हेतु बिजनौर भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव मुकरपुरी निवासी 26 वर्षीय आरती पत्नी नितिन को प्रसव पीड़ा होने पर धामपुर के साईं हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था, जहां ऑपरेशन के दौरान उनके लड़की



साईं हॉस्पिटल के बाहर मौजूद पुलिस बल।

पैदा हुई थी। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान आरती की अचानक तबीयत खराब हो गई। चिकित्सक उनको ठीक से ट्रीटमेंट भी नहीं दे पाए जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पाकर बड़ी संख्या में परिजन तथा ग्रामीण धामपुर के लक्ष्मी नगर स्थित साई हॉस्पिटल पहुंचे। आरोप है कि महिला की मौत की जानकारी होने पर अस्पताल संचालक अपने स्टाफ सहित मौके से फरार हो गया जिसको लेकर परिजनों में रोष व्याप्त हो गया। परिजनों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया। बाद में सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मगर अफसोजनक बात यह है कि अस्पताल पक्ष की तरफ से दलाल सक्रिय हो गए और उन्होंने अस्पताल संचालक की ओर से लाश का सौदा करने का प्रयास किया मगर पुलिस की सूझबूझ के चलते यह प्रयास सफल नहीं हो सका। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

# 48 घंटे बाद आज सुबह चालू हुई विद्युत आपूर्ति



बिजली घर पर नया ट्रांसफार्मर लगाते हुए विद्युतकर्मी।

**धामपुर (चिंगारी)।** उप जिलाधिकारी कार्यालय के पास स्थित 33/11 उप केंद्र पर आखिरकार विद्युत वितरण खंड धामपुर के स्टाफ ने रामपुर से नया ट्रांसफार्मर मंगाकर स्थापित कर दिया है, जिससे 48 घंटे बाद आज प्रात: 5 बजे से नगरवासियों को विद्युत आपूर्ति मिल पाई और उन्होंने भीषण गर्मी में भारी राहत महसूस की। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की शाम 5 बजे 33/11 केवीए सब स्टेशन पर रखा 10 एम वीए क ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गई थी जिसको ठीक करने का प्रयास विभाग के कर्मचारियों द्वारा लगातार किया जा रहा था परंतु उसके ठीक ना हो पाने पर शनिवार को रामपुर से नया ट्रांसफार्मर मंगा कर उसे कल शाम लगाकर काम शुरू कर दिया गया था, परंतु पूरी रात बिजली नहीं आने पर आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। मार्केट में कल शाम व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान जल्दी बंद कर दिए, घरों के फ्रिज में रखा हुआ दूध और अन्य खाद्य पदार्थ खराब हो गया और बच्चों महिलाओं और बुजुर्गों को भीषण गर्मी में पूरी रात करवट बदल कर गुजारनी पड़ी। विद्युत विभाग की कड़ी मशक्कत के बाद बीती रात ट्रांसफार्मर के कनेक्शन होने के बाद आज प्रात: 5 बजे विद्युतआपूर्ति शुरू की जा सकी।

# लोगों ने तीन स्थानों पर छबील लगाई, शरबत पिलाकर राहत पहुंचाई



शरबत का वितरण करते हुए सलूजा परिवार।

**धामपुर (चिंगारी)।** ज्येष्ठ मास में पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से नगर में तीन अलग-अलग स्थानों पर शरबत का वितरण किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक के निकट पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी सतवंत सिंह सलूजा एवं पूर्व पालिका सभासद जगमीत कौर सलूजा के संयोजन में आयोजित शिविर में एसपी सलूजा, सरदार गुरु शरण सिंह मोहन, अरुण कुमार अग्रवाल, सरदार हरभजन सिंह सलूजा मिनिस्टर, सरदार अमनदीप सिंह सलूजा का योगदान रहा। इसके अलावा पंजाबी कॉलोनी में श्री गुरु नानक मार्ग पर जेके सलूजा के परिवार की ओर से आयोजित शिविर में शरबत का वितरण किया गया। इस अवसर पर सरदार मंजीत सिंह सलूजा, जगदीश लाल अरोड़ा, सुशील चोपड़ा, सरदार सुरजीत सिंह ज्ञानी, संजय छाबड़ा, साईं सलूजा, आर्यन सलूजा, मोतीलाल शर्मा, सरदार हरजीत सिंह सलूजा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। नगर पालिका कार्यालय के पास डीके सलूजा के संयोजन में आयोजित शरबत वितरण शिविर में भी नागरिकों ने शरबत पीकर भीषण गर्मी से राहत प्राप्त की।

# राम मंदिर में हमने भी पैसे दे रखे हैं, पता नहीं वे लगे या चोरी हो गए - राकेश टिकैत

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** अयोध्या में स्थित राम मंदिर में हमने भी पैसे दे रखे हैं, पता नहीं वे लगे या चोरी हो गए। राम मंदिर में चढ़ावा चोरी प्रकरण को लेकर यह बात क्षेत्र के ग्राम प्रेमपुरी में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता किसान नेता राकेश टिकैत ने चिंगारी संवाददाता एस एम असलम से बातचीत के दौरान कही। राकेश टिकैत शनिवार को निजी कार्यक्रम में आए हुए थे। वार्तालाप में उन्होंने रामनगरी अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर में घटित चढ़ावा चोरी की वारदात पर रोष जाहिर करते हुए कहां कि चढ़ावा चोरी का यह मामला जनता की भावनाओं से खिलवाड़ है। उन्होंने आगे कहा कि यह आस्था की लूट है, इससे बड़ी लूट और कोई नहीं हो सकती। राकेश टिकैत ने कहा कि भगवान श्री राम के मंदिर में हुई इस चढ़ावा चोरी में जिन-जिन का नाम आ रहा है, उनसे और बाकी अन्य स्टाफ से भी पूछताछ होनी चाहिए। एफटीए (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट) मुक्त व्यापार समझौता पर बात करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार ने एफटीए फिलहाल तो रोक दिया है मगर किसानों को फिर भी सरकार की मंशा के मद्देनजर सचेत और सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसान अगर एकजुटता के जरिए अपनी ताकत बनाए रहा तो उसका कोई बाल बांका नहीं कर सकता। इस मौके पर अनेक क्षेत्रीय किसान नेताओं सहित भाकियू (टिकैत) के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान भी उपस्थित रहे।



राकेश टिकैत का फोटो।



सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा जल वितरण सेवा।

# राहगीरों को राहत पहुंचाई

**धामपुर (चिंगारी)।** सर्व ब्राह्मण महासभा धामपुर के नगर अध्यक्ष डॉ जितेन्द्र कौशिक, महामंत्री डॉ शंकर भारद्वाज, सचिव बालेश दीक्षित, कोषाध्यक्ष गौरव शर्मा, उपाध्यक्ष शीलेन्द्र शर्मा, प्रचार मंत्री आशुतोष शर्मा, संगठन मंत्री नवकेतन शर्मा, सलाहकार हिर्देश भारद्वाज, अरुण कुमार शर्मा, सजय कौशिक आदि पदाधिकारियों द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को राहत पहुंचाने हेतु मोल्ला खतियान स्थित अमन पैथोलॉजी लैब के बाहर शीतल जल सेवा कर जनसेवा का कार्य किया गया।

**नगीना (चिंगारी)।** प्राचीन सिद्धपीठ श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण के बाद मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के लिए तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के प्रथम दिन शनिवार को श्रद्धालु महिलाओं ने कलश यात्रा व पुरुष श्रद्धालुओं ने मूर्तियों की यात्रा निकाली। नगर के मोहल्ला साहूवान,पाधान व मनिहारी सराय के तिराहे पर स्थित सैकड़ों वर्ष प्राचीन सिद्धपीठ मंदिर पीपलेश्वर महादेव का पिछले दिनों श्रद्धालुओं ने जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण किया था।मंदिर में मूर्तियों की स्थापना के लिए प्राण प्रतिष्ठा के लिए तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शनिवार से प्रारंभ हो गए हैं। पूरे विधि विधान व पूजा अर्चना के बाद कलश यात्रा निकाली गई। बद्रीनाथ से आए पंडित आचार्य पंकज देवरानी द्वारा विशेष पूजा अर्चना कराई गई। इस मौके पर



युवराज सिंह, मोहित ठाकुर, राजेश अग्रवाल, अनूप गुप्ता, अरविंद अग्रवाल, राजेंद्र चौहान, मनी शर्मा, रेखा शर्मा, सीमा अग्रवाल, मीनाक्षी शर्मा, नीलम अग्रवाल, कीर्ति अग्रवाल, गायत्री वर्मा, निधि अग्रवाल समेत सैकड़ों श्रद्धालु रहे।

# तीन दिन से लापता व्यक्ति का शव चरी के खेत में पड़ा मिला

## दामाद ने जताई हत्या की आशंका





**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** तीन दिन से लापता एक व्यक्ति का शव आज प्रात: एक किसान के चरी के खेत में पड़ा मिला, जिससे परिवार में कोहराम मच गया और गांव में सनसनी फैल गई। मृतक के दामाद ने शिवराम की हत्या की आशंका जताई है। उत्तराखंड की जसपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवीपुरा निवासी शिवराम सैनी (60 वर्ष) के कोई पुत्र नहीं था। पत्नी की मृत्यु के बाद शिवराम सिंह थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम छजमलवाला निवासी अपनी पुत्री संजो पत्नी रमेश सिंह के यहां रहता था। शिवराम की दूसरी पुत्री ओमवती पत्नी रामपाल सिंह पास के ही ग्राम फतेहपुर धारा में रहती है। शिवराम के दामाद रमेश सिंह ने बताया कि 26 जून की प्रात: वह चाय नाश्ता कर घर से निकले थे, जिन्हें गांव के ही दो युवकों के साथ देखा गया था। आज प्रात: धारा डैम के निकट एक किसान के चरी के खेत में शिवराम सिंह का शव मिला। फतेहपुर धारा के पूर्व प्रधान ओमप्रकाश सैनी द्वारा दी गई सूचना पर थाना रेहड़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। थाना प्रभारी रेहड़ राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट/तहरीर आने पर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## संत कबीर अकादमी के स्थापना दिवस पर जलपान का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** संत कबीर की पावन धरती मगहर से प्रेरित संत कबीर अकादमी के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को बिजनौर में एक



प्रेरणादायक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्ष 2018 में स्थापित संस्था के आठ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय राष्ट्रीय यूथ महासभा, बिजनौर के सहयोग से जलपान एवं जनसेवा कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में संत कबीर के विचारों एवं उनके सामाजिक संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया तथा समाज में भाईचारा, सद्भाव और सेवा भावना को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। इस अवसर पर आनंदपाल सिंह, सभासद मनोरमा शर्मा, आशीष अग्रवाल, रीता भुईयार एडवोकेट, पिंकी भुईयार, केपी सिंह, बलजीत सिंह, उषा भुईयार, कमलेश भुईयार, धर्मवीर सिंह, शिव कुमार भुईयार, देशराज सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले गया

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक व्यक्ति ने अफजलगढ़ पुलिस को तहरीर देकर पड़ोसी गांव के एक युवक पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से लड़की की बरामदगी एवं आरोपी युवक व हमसाज परिजनों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। ग्राम सीरवासुचंद निवासी सोहेल पुत्र इरफान शनिवार की दोपहर नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। लड़की के पिता ने सोहेल द्वारा लड़की को भगा ले जाने में उसके कई परिजनों की साजिश व सहयोग का भी आरोप लगाया है और लड़की की सकुशल व शीघ्र बरामदगी की मांग करते हुए आरोपी युवक व उसके परिजनों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में कासमपुर गढ़ी स्थित विवेकानंद पुलिस चौकी के इंचार्ज उपनिरीक्षक मनवीर सिंह ने मामले की सूचना प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए बताया कि इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## एक माह से बंद है ऋषिकेश वाली बस, उमाकांत शुक्ला ने लिखा पत्र

**नांगल सोती ( चिंगारी )। सामाजिक कार्यकर्ता उमाकांत शुक्ला ने परिवहन निगम के अधिकारी को पत्र लिखकर एक माह से बंद पड़ी ऋषिकेश तक जाने वाली रोडवेज बस को क्षेत्रीय जनता के हित में पुन: संचालित कराये जाने की मांग की है। उमाकांत शुक्ला ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के मुरादाबाद आर.एम. को लिखे पत्र में कहा है कि नांगल व आसपास के क्षेत्रों की जनता की सुविधा हेतु नजीबाबाद डिपो की बस संख्या यूपी 20 जेडटी- 9722 को बिजनौर से वाया मंडावर, नांगल होते हुए ऋषिकेश तक लगाया गया था। इसके लिये काफी प्रयास किये गये थे। इससे नांगल तथा आसपास के क्षेत्रों की जनता लाभांवित हो रही थी। बस के उचित संचालन हेतु नजीबाबाद डिपो से बार-बार परिचालक को बदलने की मांग की गई, मगर डिपो अधिकारियों द्वारा मांग नहीं मानी गई। उक्त रोडवेज बस उक्त रूट पर अब एक माह से बंद है। इससे हरिद्वार व ऋषिकेश जाने वाली क्षेत्रीय जनता परेशान है। उक्त रोडवेज बस को पुन: संचालित कराने तथा परिचालक को बदले जाने की मांग की गई है।**

# सोशल मीडिया पर वायरल हुई 2025 की एफआईआर

# स्योहारा पुलिस ने मामले में लगाई एफआर

## यूट्यूबर पर हमले का मामला

**स्योहारा ( चिंगारी )।** वर्ष 2025 को लिखी गयी एफआईआर सोशल मीडिया पर वायरल हुई, जिसमें लिखा गया कि फर्जी एफआईआर हुई थी। एफआईआर में पुलिस ने एफआर लगाकर मामले को खत्म कर दिया, लेकिन जो आरोपी बनाए गये थे उन्होंने एफआईआर को सोशल मीडिया पर वायरल कर कहा कि फर्जी मुकदमा लिखवाया गया। सवाल यह है कि आखिर गोली किसने चलाई, यह खुलासा पुलिस ने नहीं किया और एफआर लगाकर इतिश्री कर ली। वर्ष 2025 को 25 दिसम्बर की रात की घटना बताते हुए शरद यादव पुत्र ओमवीर सिंह ने आरोप लगाया था कि वह अपने साथी नीशू त्यागी व आशीष यादव के साथ अपनी बहन के घर जा रहे थे, जैसे ही गाड़ी कुमखिया पुल से पहले पहुंची तो मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने फायरिंग कर दी।

शरद यादव ने गांव पट्टी निवासी हिमाशू यादव, प्रदीप यादव व दीपाशु यादव पर आरोप लगाया कि इनके द्वारा हमला किया गया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की और आरोपियों को हिरासत में लेकर पुछताछ शुरू कर दी। घटना में उक्त आरोपियों का होना न पाया गया, जिसके बाद तीनों को छोड़ दिया गया। पुलिस जांच चलती रही और समय बीतने के साथ ही पुलिस ने एफआर लगाकर मामले को रफादफा कर दिया। अब पांच माह बाद आरोपी बनाए गये युवकों ने एफआईआर की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी और एक विडियो जारी कर पुछा गया कि आखिर कौन सी रंजिश थी जो हमारे नाम पर मुकदमा दर्ज कराया। उक्त एफआईआर की फोटो व सोशल मिडिया पर वायरल विडियो पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगा रही है कि जांच में जब नामजद आरोपी शामिल नहीं थे तो गोली किसने चलाई। पिस्टल कहां से आयी। एफआर कैसे लगी ? कहीं न कहीं गड़बड़ है।

### गोली किसने चलाई ?

आरोपी बनाए गये हिमाशू यादव का कहना है कि हम पर फर्जी मुकदमा लिखवाया गया था, जिसमें एफआर लगने की बात पता चली है, लेकिन यह गोली किसने चलवाई उसका पता नहीं चल सका। उसका खुलासा पुलिस को करना चाहिए था। पीड़ित शरद यादव से इस प्रकरण में जानकारी की गयी तो उससे सम्पर्क नहीं हो पाया।

### सीओ का कहना है...

**तहरीर पर लिखे मुकदमे की जांच पुलिस कर रही थी, जो आरोपी बनाए गये थे उनकी संलिप्तता नहीं पाई गयी, इसलिए विवेचना में अंतिम रिपोर्ट लगाई गयी। घटना किसने की है उसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।**

**डाक्टर अंजनी कुमार चर्तुवेदी**



# पुष्पा चक्रवर्ती की श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जनसमूह

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक एवं पत्रकार पीसी चक्रवर्ती की दिवंगत पत्नी की श्रद्धांजलि सभा में जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, उद्योगपतियों, समाजसेवियों, शिक्षकों की भारी भीड़ रही। अनेक संस्थाओं, संगठनों, संस्थानों और शिक्षक संगठनों ने शोक संदेश के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। नजीबाबाद कोतवाली देहात मार्ग स्थित ग्राम श्रवणपुर में पीसी चक्रवर्ती के निज आवास पर हवन यज्ञ द्वारा श्रीमती पुष्पा चक्रवर्ती की सद्गति की प्रार्थना की गई। इसके उपरान्त हाईवे के किनारे स्थित सप्तपदी गार्डन में ब्रह्म भोज हुआ। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व जिला मंत्री रामपाल सिंह, बीएस अग्रवाल एंड संस के स्वामी प्रभात अग्रवाल, मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठित उद्योगपति मनीषचंद अग्रवाल, अशेष अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज जैन, लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी, पूर्व सांसद मुंशीराम पाल, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला मंत्री अनिल चौधरी, राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के जिला मंत्री अरूण



कुमार, राष्ट्रीय संयोजक शिवनाथ, शिव, राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दारासिंह और बिजनौर टाइम्स ग्रुप के सूर्यमणि रघुवंशी आदि ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति एकजुटता का इज़हार किया।

वरिष्ठ पत्रकार एवं दक्ष लोक के संपादक पंकज कुमार दक्ष ने डॉ. योगेन्द्र प्रसाद, उत्तराखंड सरकार के राज्य मंत्री शोभाराम प्रजापति, बिजनौर टाइम्स ग्रुप के प्रधान संपादक चंद्रमणि रघुवंशी, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अमित कुमार, महात्मा ज्योतिबाफुले वेलफेयर सोसाइटी, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश मंत्री ललित मोहन, उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष मरगूब रहमानी, जिला महामंत्री अनिल चौधरी व कोषाध्यक्ष चौ. ब्रह्मपाल सिंह, राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार प्रजापति व राष्ट्रीय संयोजक शिवनाथ शिव, दक्ष प्रजापति शिक्षा समिति के अध्यक्ष नानक चन्द व उपाध्यक्ष डॉ. कर्ण सिंह, राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के संरक्षक शीशराम प्रजापति, कन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज गणेशपुर रुड़की के प्रबन्धक सुंदर लाल व उपप्रबंधक एसके तोमर तथा अखिल भारतीय साहित्य परिषद मेरठ प्रांत के प्रदेश महामंत्री यतीन्द्र कटारिया द्वारा प्रेषित शोक संदेश श्रद्धांजलि सभा में पढ़े।

श्रद्धांजलि सभा में जिला बार के पूर्व अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल बबली एडवोकेट, बेदाग़ केसरी के सम्पादक डॉ. यतेन्द्र कुमार शर्मा, जिला सहकारी बैंक के पूर्व प्रबंधक महाराज सिंह, जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह, पत्रकार एसएम असलम, वेदव्रत वेणु, पीके चौहान, शराफत हुसैन, राशिद मालिक, महाराजा दक्ष सेवा समिति बिजनौर के अध्यक्ष ऋषि पाल सिंह, मंत्री जल सिंह, अजय ठाकुर, अरूण कुमार, सुरेन्द्र सिंह, सुधीर राणा, कृष्णअवतार वर्मा, राधेश्याम सिंह, कल्याण सिंह सैनी, नीरज चौधरी, सुशील कर्णवाल सहित बड़ी संख्या में पत्रकारों, समाजसेवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ओर बुद्धिजीवियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। श्रद्धांजलि के उपरांत पुरोहित नरेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा रस्म पगड़ी की परंपरा पूर्ण करायी गयी, जिसमें नंदराम चक्रवर्ती, मनोज कुमार चक्रवर्ती, योगेश कुमार चक्रवर्ती, निर्देश कुमार चक्रवर्ती, देवेश कुमार चक्रवर्ती, शुभम कुमार चक्रवर्ती ने सहभागिता की।

## बिजनौर से वर्षों पुराना नाता- राशिद अलवी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से पार्टी कार्यालय पर आयोजित महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राशिद अलवी ने कहा कि




बिजनौर से उनका वर्षों पुराना भावनात्मक संबंध रहा है। कांग्रेस पार्टी हमेशा संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक सद्भाव और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता के साथ गांव-गांव और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें तथा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट जाएं।

जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह की अध्यक्षता व जावेद अंसारी के संचालन में आयोजित बैठक में कांग्रेस विधि विभाग के अध्यक्ष प्रशांत गोयल, हुमायूं बेग, मीनू गोयल, विक्रम सिंह, मो. अकबर, डा. अज़हर, मिस्बाबुल हसन, ठाकुर उत्तम सिंह, प्रदीप ठाकुर, अनीस विशाल, पीयूष त्रिपाठी, हाजी अहसन, सलाहुद्दीन, सविता सिंह एड., फरीद अहमद एड., शिव पाराशर, इस्तिखार अहमद, हुकम सिंह, नजमुल हसन, सलीम एड., इस्लामुद्दीन, सिब्तैन ज़ैदी, इस्तिकार, समरपाल, सजीदा बेगम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गर्मी की मार, पारा 40 के पार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले में मानसून की दस्तक का इंतजार लंबा होता जा रहा है। शनिवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। गर्मी ने दिनभर भीषण गर्मी और उमस ने लोगों को बेहाल किए रखा। आसमान में हल्के बादल तो छाए, लेकिन उनसे राहत नहीं मिली। जून के पहले सप्ताह में बारिश होने से लगा था कि गर्मी से राहत मिलेगी, लेकिन इसके बाद से भी तापमान बढ़ता ही जा रहा है। गर्मी ने फिर तेवर दिखाने शुरू कर दिए। शनिवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और और न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले एक सप्ताह में गर्मी लगातार बढ़ती गई। सुबह से ही उमस भरी गर्मी का असर बना रहा और दिनभर हवा न चलने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम का असर सड़कों पर भी साफ दिखाई दिया। दोपहर के समय बाजारों और प्रमुख मार्गों पर आवाजाही कम रही। तेज धूप और उमस के कारण लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। मौसम विभाग नगीना के प्रेक्षक सतीश कुमार ने बताया कि अनुमान है कि अगले सप्ताह की शुरुआत में मानसून के जिले में पहुंचने की संभावना है। यदि ऐसा होता है तो बारिश के साथ तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को भीषण गर्मी व उमस से राहत मिलने की उम्मीद है।



## प्रत्येक जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूत किया जायेगा- कनिष्क




**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के संगठन सृजन अभियान के तहत बिजनौर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति विभाग, उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कनिष्क सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती हेनरिता राजीव सिंह ने की, जबकि संचालन विभाग के जिला उपाध्यक्ष गुलशन कुमार ने किया।

इस अवसर पर अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष मास्टर रामपाल ने संगठन को मजबूत बनाने तथा सामाजिक न्याय के लिए कांग्रेस की प्रतिबद्धता पर अपने विचार रखे। वहीं प्रोफेसर नवरत्न ने संगठन सृजन अभियान को सफल बनाने, बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करने और अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि कनिष्क सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस पार्टी की रीढ़ है और संगठन सृजन अभियान के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक जिले में मजबूत एवं सक्रिय संगठन तैयार किया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेनरिता राजीव सिंह ने कहा कि कांग्रेस हमेशा सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के मूल्यों की पक्षधर रही है। बैठक में मास्टर रामपाल, मोहम्मद अकबर, गुलशन कुमार, हरिराज सिंह, मोहम्मद सलीम, अर्जुन सिंह, राम रतन, रतिराम, महेश कुमार, गुड्डू भाई, अनिल त्यागी, तारा सिंह, धर्मवीर सिंह, नूर अली, प्रदीप ठाकुर, मास्टर मंगल सिंह, नवरत्न सिंह, राकेश कुमार, प्रीतम सिंह, शीशराम सिंह, राजवीर सिंह, मलखान सिंह, सरजीत सिंह सहित जिला कांग्रेस कमेटी, अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसजन मौजूद रहे।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# नलकूप के झेरे में गिरकर बालक की मौत



मृतक का फाइल फोटो

नहटौर( चिंगारी )। बाग में गया एक 13 वर्षीय किशोर अचानक नलकूप के बने झेरे में गिर गया। जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बाहर निकाला और उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मौत का कारण झेरे में बनी जहरीली गैस बताई जा रही है। शनिवार की शाम को मौहल्ला नौधा निवासी वंश ( 13 वर्ष ) पुत्र धर्मेंद्र सिंह अन्य परिजनों के साथ धामपुर रोड पर गांगन के पुल के पास स्थित बाग में गया था। जहां पर वह नलकूप ले पास चला गया और वह अचानक नलकूप के बने झेरे में गिर गया। जिसमें पानी भी भरा हुआ था। किसी तरह वंश को झेरे से निकाल कर नहटौर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के दौरान वंश की मौत हो गयी। मृतक वंश अपने मात-पिता का इकलौता पुत्र था। वह अपनी 6 बहनों का एक मात्र भाई था। वंश की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार ने बताया कि संभवत: कुएं में जहरीली गैस बनी थी। पीड़ित परिजनों ने मामले की पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## हार्ट अटैक से हुई थी आसिमा की मौत

### पीएम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

शेरकोट ( चिंगारी )। नगर के मुहल्ला हकीमान में शुक्रवार को अपने घर में मृत अवस्था में मिली विधवा महिला आसिमा की मौत हार्ट अटैक से हुई थी। पोस्टमार्टम के बाद हुए इस खुलासे ने इस मामले को लेकर लगाए जा रहे तरह-तरह कयासों पर विराम लगा दिया है। गौरतलब है कि शुक्रवार की दोपहर मुहल्ला हकीमान में मदरसा गंज के सामने स्थित स्व. नईम अहमद के घर से तेज दुर्गन्ध आने और मेन गेट अंदर से बंद होने पर मुहल्लेवासियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस द्वारा दरवाजा तोड़कर घर में पहुंचने पर नईम अहमद की पत्नी आसिमा 37 वर्ष का शव कमरे में बैड पर मुंह के बल पड़ा मिला था। आसिमा का शव बुरी तरह सड गल चुका था। परिजनों के मुताबिक मृतका के कोई संतान नहीं थी और लगभग एक साल पहने पति नईम की मौत हो जाने के बाद से वह घर में अकेली रहती थी। पुलिस ने फोरेंसिक टीम से जांच कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। महिला की मौत को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार को हुए आसिमा के पोस्टमार्टम में उसकी मौत हार्ट अटैक से होने की पुष्टि हुई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि घर में अकेली रहने के कारण अचानक तबीयत खराब होने का किसी को पता नहीं लग पाया और महिला की मौत हो गई।



फाइल फोटो

## विद्यालयों का समय 7 से 12 करने की मांग

नहटौर ( चिंगारी )। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुधाराज सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर भीषण गर्मी के मद्देनजर विद्यालयों का समय 7 से 12 बजे तक करने की मांग की है। जिला अधिकारी जसजीत कौर को भेजे पत्र में उन्होंने कहा है कि वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रही है। विद्युत आपूर्ति भी पूर्ण रूप से नहीं रहती है। ऐसे में समय अधिक होने के कारण विद्यालय की उपस्थिति प्रभावित हो रही है। बच्चे विद्यालय नहीं आ पा रहे हैं एवं उनके बीमार होने का खतरा है। इसके दृष्टिगत विद्यालय का समय 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाना उचित रहेगा।



## भीषण गर्मी में रतजगा करने को मजबूर हैं ग्रामवासी

हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। बिजली रानी का सारी रात आंख मिचोनी का खेल चलता है, जिसके कारण लोग भीषण गर्मी और मच्छरों की फौज से नूरा कुश्ती लड़ने को विवश है। उनमें आक्रोश है। गौरव, अंकित कुमार, नरपाल, सचिन आदि विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली घर उलेढा के सिसौना फीडर की विद्युत सप्लाई शाम से ही बाधित हो जाती है, जिसके कारण लोग सड़क और घर की छतों का सहारा लेने लगते हैं, लेकिन वहां भी चैन कहां। सारी रात भीषण गर्मी तथा मच्छरों के कारण उनका सोना दुश्वार है। नन्हे-मुन्ने बच्चों का रोना चिल्लाना देखा नहीं जाता। बिजली रानी जैसे ही दर्शन देती है लोग खुशी से घरों की ओर दौड़ पड़ते है, लेकिन उनकी खुशी ज्यादा देर नहीं टिक पाती। यह क्रम सारी रात चलता रहता है। इस कारण लोगों को रतजगा करना पड़ रहा है।

## आग बरसा रहा आसमान, अब तो रहम करो भगवान!

नांगल सोती ( चिंगारी )। 'अब तो रहम करो इंद्रदेव! गर्मी ने जीना मुश्किल कर दिया है।' भयंकर गर्मी में बुरी तरह से बिलबिला रहे लोग कुछ इसी तरह इंद्रदेव से बारिश के लिये दिन-रात गुहार लगा रहे हैं। असहनीय गर्मी ने दिन का चैन और रातों की नींद दोनों छीन लिये हैं। गर्मी ने ऐसा भयानक रूप धारण कर लिया है कि पिछले 4-5 दिनों में लोगों के चेहरों की रंगत उड़ गई है। रात हो या दिन गर्मी की मार 24 घंटे लगातार जारी है। दिन का चैन और रातों की नींद दोनों उड़ गये हैं। दिन निकलते ही गर्मी की ऐसी मार पड़नी शुरू हो जाती है कि लोग हांफ जाते हैं। नहाते-नहाते ही लोग पसीने से तर-बतर होने लगते हैं। भयंकर गर्मी के कारण कार्यक्षमता भी प्रभावित हो रही है। सुबह को कुछ देर ही काम हो पाता है और उसके बाद लोगों की कार्यक्षमता जवाब दे जाती है। दोपहर को 12 बजते ही बाजारों में कर्फ्यू सा लग जाता है। सड़कों पर भी वाहनों की आवाजाही काफी कम हो जाती है। उस समय धूप की तपिश इतनी ज्यादा होती है कि घर से बाहर निकलना बेहद मुश्किल होता है। उमस के कारण रात को भी लोगों को ठीक से नींद नहीं आ पाती है। रातें करवटें बदलते हुए बेचैनी के बीच कट रही है। लोग बादलों को टकटकी लगाये आशाभरी नजरों से देख रहे हैं। देखना है कि इंद्रदेव भयंकर गर्मी से बेहाल हो चुके लोगों की पुकार कब तक सुनते हैं।



फाइल फोटो

## किसान झेल रहा लापरवाही का दंश अभिलेखों में दर्ज नहीं हुआ अंश

हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। शनिवार को हीमपुर दीपा थाना परिसर पर आयोजित थाना समाधान दिवस में राजस्व विभाग की एक घोर लापरवाही का उस समय खुलासा हुआ, जब एक पीड़ित किसान परिवार ने अभिलेखों में अपना अंश सही कराने को लेकर अर्जी दी। आरोप है कि संबंधित लेखपाल ने समस्या का समाधान करने के बजाय कहा कि अर्जी कहीं भी लगा लो, आना तो मेरे ही पास पड़ेगा। चर्चा जब वहां मौजूद राजस्व निरीक्षक सुरजन सिंह के कानों तक पहुंची तब कहीं जाकर समस्या को गंभीरता से लिया गया। इसके बाद भी यही निर्णय सुनाया गया कि अभिलेखों में कुछ नाम गलत दर्ज हैं, जिन्हें सही करना होगा। संबंधित सभी अभिलेख पीड़ित परिवार को ही जुटाने होंगे। हैरान, परेशान होकर थाने से लौटे पीड़ित किसान परिवार के लोगों ने बताया कि हीमपुर दीपा मौजा के खसरा नंबर 14 में अंश को सही कराने के लिए पिछले एक वर्ष से इधर-उधर भटक रहे हैं, फिर भी आज तक न्याय नहीं मिल सका।

## मरीजों की सुरक्षा सर्वोपरि, अधिकृत होलसेलरों से ही खरीदें दवाइयां : देवेश कुमार

बिजनौर ( चिंगारी )। जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के चेयरमैन देवेश कुमार ने जिले के सभी रिटेल दवा विक्रेताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी दवाइयों की खरीद केवल उन्हीं होलसेलरों से करें जो संबंधित दवा कंपनियों के अधिकृत (डायरेक्ट) वितरक हैं। उन्होंने कहा कि जो होलसेलर बाहर के अज्ञात स्रोतों से दवाइयां खरीदकर बाजार में बेचते हैं, उनसे दवाइयों की खरीद करने से बचना चाहिए, क्योंकि ऐसे उत्पादों की गुणवत्ता और प्रामाणिकता की पूर्ण गारंटी नहीं होती। देवेश कुमार ने कहा कि मरीजों के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। यदि दवाइयों की खरीद अधिकृत चैनल के माध्यम से की जाएगी तो नकली अथवा संदिग्ध दवाइयों की आशंका काफी हद तक कम होगी और दवा वितरण व्यवस्था भी अधिक पारदर्शी बनेगी। उन्होंने आम उपभोक्ताओं से भी आग्रह किया कि वे हमेशा विश्वसनीय एवं लाइसेंसधारी मेडिकल स्टोर से ही दवाइयां खरीदें तथा प्रत्येक खरीद पर पक्का बिल अवश्य लें। बिल लेने से दवा की गुणवत्ता, बैच, शिकायत या अन्य किसी समस्या की स्थिति में उचित कार्रवाई करना आसान हो जाता है।



## बरूकी में परम्परागत ढंग से निकला मामती जुलूस



बरूकी/बिजनौर ( चिंगारी )। बरूकी में दस मोहर्रम के अवसर पर ताजियों, मातम और जंजीरी मातम के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने नौहा पढ़ते हुए और सीनाजनी करते हुए इमाम हुसैन तथा कर्बला के शहीदों को याद किया। जुलूस हबीब वाले चौराहे पर पहुंचकर एक सभा में परिवर्तित हो गया, जहां मौलाना फैजान हैदर ने संबोधित करते हुए कहा कि इमाम हुसैन की कुर्बानी ने इस्लाम और इंसानियत को अन्याय एवं अत्याचार के विरुद्ध खड़े होने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि यदि इमाम हुसैन खामोश रहते तो आने वाली पीढ़ियां जुल्म को ही धर्म का हिस्सा समझ बैठतीं। इसके बाद जुलूस अपने निर्धारित मार्गो से होता हुआ कर्बला पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में मौलाना नवीस अहमद तथा शमीम अहमद ने नौहा पढ़ा। जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में स्थानीय लोगों ने सहयोग किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर राहुल कुमार, अमित कुमार सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की नई कार्यकारिणी का गठन

# रविंद्र पुरी महाराज फिर बने अध्यक्ष, 8 अखाड़ों की बैठक में हुआ चुनाव

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार देर शाम श्री पंचायत अखाड़ा निर्मल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के सचिव श्रीमंत रविंद्र पुरी महाराज ने की। इस दौरान परिषद की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में श्रीमंत रविंद्र पुरी महाराज को पुन: अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद का अध्यक्ष चुना गया। वहीं राजेंद्र प्रसाद महाराज को महामंत्री, दुर्गादास महाराज (उदासीन बड़ा अखाड़ा) को उपाध्यक्ष, शंकर दास महाराज को मंत्री-सहसंयोजक, संजय दास महाराज (हनुमानगढ़ी) को राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा सत्यम गिरि महाराज (अटल अखाड़ा) को लेखाकार की जिम्मेदारी सौंपी गई। परिषद ने संरक्षक मंडल में भगतराम महाराज, दयाल सदा महाराज तथा ज्ञानदेव सिंह महाराज को शामिल किया है।



बैठक में संत समाज ने सनातन धर्म की रक्षा, संरक्षण एवं उसके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए संगठित होकर कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही आगामी वर्षों में आयोजित होने वाले कुंभ पर्वों को सनातन संस्कृति एवं शास्त्रीय परंपराओं के अनुरूप संपन्न कराने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के समापन के बाद संत समाज एवं विभिन्न अखाड़ों के प्रतिनिधियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया और उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। परिषद के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि नई कार्यकारिणी सनातन धर्म, संत समाज और अखाड़ा परंपरा के हितों की रक्षा के लिए समर्पित भाव से कार्य करेगी।

## सीओ अंजनी कुमार ने फिर शुरू कराई मुस्कान की तलाश

**नहटौर ( चिंगारी )।** 9 माह पहले लापता हुई 15 वर्षीय मुस्कान की तलाश को पुलिस ने तेज कर दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार के निर्देश पर जांच पड़ताल शुरू होगी। मौहल्ला जोशियान (सिनेमा हाल कॉलोनी) निवासी स्वर्गीय अरविंद शर्मा की पुत्री मुस्कान जोशी 15 वर्ष 19 सितंबर 2025 को ट्यूशन पढ़ने के लिए निकली थी, लेकिन उसके बाद वह घर नहीं लौटी। मुस्कान की मां रीना शर्मा ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बालिका को बरामद करने की मांग की थी। बताया जाता है कि पुलिस ने मामले में 50 से अधिक संदिग्ध लोगों से पूछताछ की थी। साथ ही सैकड़ों नंबरों की कॉल डिटेल की स्कैनिंग भी की थी। मामले को लेकर कई बार पुलिस अधिकारियों से बालिका को बरामद करने की मांग की थी। पुलिस द्वारा किए गए प्रयास के बाद कोई सफलता नहीं मिली। जिस पर मामले विवेचना धीरे-धीरे मंद होती चली गयी। अब पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार ने मामला संज्ञान में आते ही नहटौर पुलिस को जांच तेज करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये हैं। पुलिस क्षेत्राधिकार अंजनी कुमार ने बताया है मुस्कान को तलाशने के लिए पुनः शुरू से जांच होगी और प्रत्येक बिंदुओं पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक साल पहले लापता नाबालिग कर्नाटक में मिली

**नहटौर ( चिंगारी )। करीब एक साल पहले लापता हुई नाबालिग को पुलिस ने कर्नाटक से बरामद कर लिया। 9 जुलाई 2025 को नहटौर के ग्राम साहनपुर नवादा निवासी व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग पुत्री ( 17 वर्ष ) को गांव का ही युवक बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए कॉल डिटेल आदि के आधार पर नाबालिक की तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। हाल ही में पुलिस द्वारा पुनः नाबालिग की बरामदगी के लिए प्रयास किये गये। बताया जाता है कि पुलिस को नाबालिग की लोकेशन महाराष्ट्र में मिली, जिसके आधार पर पुलिस ने महाराष्ट्र में पहुंचकर तलाक शुरू की थी, लेकिन बाद में टीम कर्नाटक पहुंच गई, जहां से पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर नहटौर ला रही है। प्रभारी निरीक्षक ने नाबालिग के बरामद होने की पुष्टि की है।**

## आज की बात

# 'घरेलू औरत नहीं है बेकार उसके काम की वैल्यू 30 हज़ार'

**-हिंदुस्तानी**



सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों दुर्घटना मृत्यु के एक मामले में मुआवजा तय करते हुए घरेलू औरत के काम की कीमत 30,000 रुपए मासिक मानी है। साथ ही कोर्ट ने हर तीन साल में इसमें 10 प्रतिशत बढ़ोत्तरी और अगर वो महिला कोई और काम भी करती हो तो उसकी कीमत अलग से जोड़ने को कहा है।

कुछ लोग केवल उन महिलाओं के काम की वैल्यू समझते हैं, जो घर से बाहर जाकर बिज़नेस या नौकरी करती हैं। उनका मानना है कि जो कमाकर नहीं लाता वो बेकार है। जबकि आप हिसाब जोड़ें तो महिलाएं घर में सुबह सबसे पहले उठती हैं और सबसे बाद में सोती हैं। घर से बाहर काम करने वाले हर पुरुष के काम के घंटे तय होते हैं, छुट्टी भी मिलती है, वो खुद भी अवकाश लेता है और वह एक्स्ट्रा काम करता है तो उसको डबल रेट से ओवरटाइम भुगतान भी होता है। जबकि घर की महिला को ऐसा कुछ नहीं मिलता, उसको पर्याप्त आराम भी नहीं मिलता। साथ ही उसकी नींद के घंटे भी कम हो जाते हैं। अगर आप उनके खाना बनाने, नाश्ता बनाने, बार-बार चाय बनाने, सफ़ाई, कपड़े व बर्तन धोने, प्रेस करने, बिस्तर बिछाने, बच्चों व बुजुर्गों की देखभाल, त्यौहार पर अतिरिक्त तैयारी करने, शादी-बर्थडे या बच्चा पैदा होने पर एक्स्ट्रा काम का बोझ झेलने, बच्चों को होमवर्क कराने, उनको स्कूल छोड़ने और लेने जाने, उनकी माता-पिता की और अपनी व कभी-कभी पति की भी दवाई लाने, लाइन में लगकर सरकारी राशन लाने, पर्दे साफ़ करने, घर के जाले झाड़ने, सोफों के कवर बदलने, बच्चों के खिलौने संभालकर रखने, मेहमानों को अटेंड करने, टंकी में पानी भरने, घर का सामान खरीदने को लिस्ट बनाने, परिवार की तरफ़ से दूसरे रिश्तेदारों के लेन-देन का हिसाब रखने, सबके सोने पर लाइटें बंद करने, घर में पेंट होने पर सामान हटाने, फिर सेट करने, बाज़ार से कपड़ों सहित घरेलू इस्तेमाल का सामान खरीदने आदि का बेतहाशा काम वो करती हैं। देश की जीडीपी में घरेलू महिलाओं के काम का 17 प्रतिशत योगदान माना जाता है। फिर भी लिंग के आधार पर महिलाओं के घरेलू काम को फ्री समझा जाता है और उनको बेकार। जबकि आर्थिक समानता के हिसाब से देखें तो सबको वेतन नहीं मिलने बावजूद घरेलू महिलाओं का घर के काम में जो योगदान माना गया है, उतना देश के आधे से अधिक पुरुष भी नहीं कमाते। घरेलू महिलाएं एक तरह से राष्ट्र निर्माता हैं। वे देश की सभ्यता, संस्कृति और धर्म की परंपराओं को आगे बढ़ाती हैं। ऐसी सभी महिलाओं को हमारा सलाम।

## न आवारा कुत्तों को पकड़वाया, न पानी का बंदोबस्त किया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** शासन की ओर से नगर पालिका परिषद चांदपुर में नामित किए गए सभासद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर अग्रवाल ने पालिका द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़वाने तथा राहगीरों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था न कराये जाने पर रोष जताते हुए दोनों मांगों को शीघ्र पूरा कराये जाने की मांग को लेकर पालिका ईओ को ज्ञापन दिया।



ज्ञापन में कहा गया है कि 8 अप्रैल को बोर्ड की बैठक में नगरवासियों व ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को भीषण गर्मी में ठंडा पानी उपलब्ध कराये जाने व बच्चों पर हमला कर उनको घायल कर रहे आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की गई थी, लेकिन ढाई माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अभी तक दोनों मांगें पूरी न हो सकी हैं।



# मेमन सादात में रिवायती अंदाज में निकला मातमी जुलूस

## 'या हुसैन या हुसैन' की सदाओं से गूंज उठा वातावरण

**किरतपुर (चिंगारी)।** मुहर्रम यहां पूरी अकीदत के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम समीपवर्ती ग्राम मेमन सादात में आयोजित हुआ, जहां पर मातमी जुलूस रिवायती अंदाज में निकाला गया। नोहारव्वानी का आयोजन किया गया। 'या हुसैन या हुसैन' की सदाओं से वातावरण गूंज उठा। जुलूस में बड़े बाबू हसन मुस्तफा की ओर से फ्री एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई गई। जुलूस मार्गो पर पानी का छिड़काव कराया गया तथा जुलजुला के लिए लखनऊ से बनाकर लाया गया छत्र आकर्षक का केंद्र रहा। इस मौके पर पुलिस प्रशासन व तहसील प्रशासन का भरपूर सहयोग रहा।

ग्राम मेमन सादात में शुक्रवार की सुबह लगभग 9:30 बजे ताजिए व आलम का जुलूस छत्ते वाले इमामबाड़े से शुरू हुआ, जो जाफरी चौक से होता हुआ असगरी इमामबाड़े पहुंचा, जहां पर मजलिस को मंगलौर से तशरीफ़ लाए मौलाना सलमान ने खिताब किया। तत्पश्चात जुलूस इमामबाड़ा जैनबिया होता हुआ इमली वाले इमामबाड़े पहुंचा, जहां पर धार्मिक तौर तरीके से सजा जुलजुला घोड़ा बरामद हुआ, जिसकी देखरेख बड़े बाबू हसन मुस्तफा द्वारा की जाती है। जुलूस गांव के निर्धारित मार्गो से होता हुआ करबला पहुंचा, जहां मन्नती ताजियों को दफ्ना दिया गया।



जुलूस में अंजुमन हुसैनिया, अंजुमन लश्करे-ए-हुसैनी, अंजुमन सोगवार-ए-हुसैनी, अंजुमन शौदाएं-ए-हुसैन, अंजुमन दुआएं जहरा, अंजुमन अंसार-ए-हुसैनी, अंजुमन अहलेबैत-ए-मुस्लिमीन आदि में कैसर मुस्तफा इस्तबा जैदी मक्की हैदर वगैरह ने शुरुआत में नौहारव्वानी की रज़ा स्कूल के सामने से जंजीरों का मातम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बड़े बाबू हसन मुस्तफा, रियाज जैदी, गुलाम अब्बास, साबिर रजा, सैयद सलीम रजा जैदी, सैयद इजलाल जैदी, वरिष्ठ पत्रकार नय्यर जैदी, इसरार जैदी, शबाब रजा, नवाब, आसिफ रजा, सैयद फहीम, हुसैन रिटायर्ड एसपी नवाब असगर आदि का भरपूर सहयोग रहा। इससे पूर्व जुलूस में नोहारव्वानी असद अब्बास, खुर्शीद अशरी, महमूद असगर, अथर हुसैन तथा अता हुसैन आदि ने की। जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

# पाशा ने अफजल को महासचिव बनाया

**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने मोहम्मद अफजल पुत्र श्री हाजी मुन्ने खान निवासी ग्राम कमालपुर तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर को जिला प्रभारी बिजनौर के साथ राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव मास्टर अफजाल ने राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पाशा का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया है। मैं इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा व समर्पण से निर्वहन करूंगा।



# रवा राजपूत सभा का चुनाव सम्पन्न

## कुंवरपाल सिंह अध्यक्ष, हितेश राजपूत महासचिव, उमेश राजपूत कोषाध्यक्ष बने



**किरतपुर (चिंगारी)।** रवा राजपूत सभा जनपद बिजनौर की साधारण सभा की बैठक में प्रबन्ध समिति का चुनाव कल कृषक भारती इंटर कालेज भोजपुर में निर्विरोध रूप से सम्पन्न हो गया, जिसमें अध्यक्ष कुंवरपाल सिंह (निवासी लायकपुरी), उपाध्यक्ष हेमन्त राजपूत (हादीपुर), सुभाषचंद्र राजपूत (रानीपुर), महासचिव हितेश राजपूत, सचिव भूपेंद्र राजपूत (नजीबाबाद), इकबाल सिंह राजपूत (शहबाजपुर), कोषाध्यक्ष उमेश राजपूत (बिजनौर), अंकेक्षक कृष्णपाल सिंह (कमालपुर) एवं संगठन सचिव सत्यवीर सिंह (निवासी बेहड़ी) चुने गए। मुख्य चुनाव अधिकारी मास्टर सुभाषचन्द्र राजपूत (शाहपुर सुक्खा) एवं सहायक चुनाव अधिकारी डॉक्टर मुकुल राजपूत (साहनपुर), देवेन्द्र राजपूत, मनीष राजपूत, अतुल राजपूत, विनीत राजपूत (बिजनौर), बीरेश कुमार, शेखर सिंह (शहबाजपुर), ज्ञानेश्वर चंचल (पूर्व प्रधान शाहपुर सुक्खा), मास्टर जयप्रकाश, डॉ. नरेन्द्र सिंह (भोजपुर), विशालदेव राजपूत (तितरवाला), नरेंद्र सिंह (लच्छीरामपुर), एडवोकेट घनश्याम लाल (हुसैनपुर), मास्टर मनोज राजपूत (ताहरपुर) सहित सभा निवर्तमान अध्यक्ष शिवकुमार राजपूत (पदमपुर) एवं सभा के उच्च सदन से संयोजक मदनपाल सिंह, सहसंयोजक अरविन्द राजपूत, संजय राजपूत, सुशील राजपूत सहित कृषक भारती इंटर कालेज के प्रबंधक नवनीत राजपूत (बंटी भाई) उपस्थित रहे। रिटायर्ड ए.डी.ओ. पंचायत कृपाल सिंह (बेहड़ी) ने निर्विरोध चुनाव संपन्न होने की आधिकारिक घोषणा की। साधारण सभा व चुनाव प्रक्रिया में सभा के आजीवन सदस्यों

# विधायक ओमकुमार ने किया डिजिटल लाइब्रेरी का शिलान्यास



**नहटौर (चिंगारी)।** नगर पालिका परिषद नहटौर में डिजिटल लाइब्रेरी व रिकार्ड रूम का विधायक ओमकुमार द्वारा शिलान्यास किया गया। इसके अलावा उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सड़क विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम से पूर्व हवन कार्यक्रम आयोजित हुआ। हवन कार्यक्रम में मुख्य यजमान विधायक ओमकुमार एवं उनकी धर्मपत्नी शोभा रानी व अधिशासी अधिकारी ओम गिरि रहे। ओमकुमार ने कहा कि लाइब्रेरी से छात्रों को लाभ होगा। इस अवसर पर नामित सभासद मोबीन अहमद, सावन सूद, अंकुश अग्रवाल, विनीता शर्मा, राजेश सैनी, अनिल चौधरी, सुरेंद्र सिंह, अध्यक्ष वैभव गोयल, अवनीश राणा, राहुल चौधरी, लिपिक विशेष उपाध्याय, नरेन्द्र चैनवाल, हर्ष जैन, शाहजेब, गोविंद सिंह, शिवम त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# तपती धूप में राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत



**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** मुहर्रम के मौके पर तपती धूप के बीच नगर व क्षेत्र में कई स्थानों पर युवाओं व पत्रकारों ने मानव सेवा की मिसाल पेश करते हुए राहगीरों, वाहन चालकों व आम लोगों को ठंडा शरबत पिलाकर उन्हें प्यास से राहत दिलाई। आयोजकों ने कहा कि मुहर्रम हमें इंसानियत, भाईचारे और मानव सेवा का संदेश देता है जिस भावना के साथ इस पुण्य कार्य को अंजाम दिया गया है। इसी क्रम में स्थानीय पत्रकारों ने भी नगर के कालागढ़ रोड पर शरबत वितरण शिविर लगाया। शिविर में सुनील कुमार, अजमल हसन, शेख, मौ. युसुफ, विनय भार्गव, अनीस अहमद आदि पत्रकारों सहित एहसान अहमद, प्रियांशु चौहान उर्फ कालू, मौ. सलमान आदि ने अपना योगदान दिया।

# चोरी की दो घटनाओं का पर्दाफाश, एक अभियुक्त गिरफ्तार

## एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** अफजलगढ़ पुलिस ने पिछले दिनों हुई चोरी की दो घटनाओं का पर्दाफाश कर एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लेते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक अन्य आरोपी पुलिस को चकमा देकर भाग गया। नगर के मोहल्ला बेगम सराय निवासी नवनीत पुत्र मनीष की दुकान के गल्ले से चोर बीते दिनों 6000 रुपए चुराकर ले गया था। पुलिस द्वारा घटना का पर्दाफाश करते हुए एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया, जिसके पास से 3000 रुपए नगदी बरामद की गई है। पुलिस ने उसे किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया है। दूसरी ओर बीती 16 जून को नगर के मोहल्ला चिरंजीलाल निवासी संदीप शर्मा पुत्र प्रेम प्रकाश की इलेक्ट्रिकल्स की दुकान में चोरी की वारदात हुई थी। अफजलगढ़ पुलिस ने प्रकाश में आए दो अभियुक्तों रविंद्र पुत्र धर्मेंद्र निवासी मोहल्ला साहूकार कस्बा व थाना बिलासपुर जनपद रामपुर एवं नरदीप उर्फ निरपेंद्र उर्फ निरपय पुत्र गुरमीत निवासी ग्राम मुकरमपुर थाना बिलासपुर, जनपद रामपुर में से अभियुक्त रविंद्र को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली, जबकि उसका साथी नरदीप पुलिस को चकमा देकर भाग गया। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि गिरफ्तार रविन्द्र के पास से चार बंडल इलेक्ट्रिक तार व अन्य इलेक्ट्रिक सामान बरामद किया गया है।



# कर्णप्रयाग में डंपर नदी में गिरा, अफ़ज़लगढ़ के दो युवक लापता

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। उत्तराखंड के कर्णप्रयाग में एक डंपर के गहरी और तेज बहाव वाली नदी में गिर जाने से अफजलगढ़ के दो युवक लापता हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दोनों युवकों की तलाश के लिए एनडीआरएफ की टीम स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार रेस्क्यू अभियान चला रही है। अफजलगढ़ क्षेत्र के मोहल्ला मुमताज हुसैन निवासी मौ. याकूब टेलर का 20 वर्षीय पुत्र मौ. उमेर तथा अय्यूब मिस्त्री का 18 वर्षीय पुत्र मौ. अदनान पिछले करीब छह माह से कर्णप्रयाग स्थित एक वर्कशॉप में मैकेनिक के रूप में कार्यरत थे। शनिवार शाम करीब सात बजे दोनों युवक डंपर के साथ गहरी नदी में गिरकर लापता हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन तत्काल कर्णप्रयाग के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं, क्षेत्र में दोनों युवकों की सकुशल बरामदगी के लिए दुआओं का दौर जारी है। एनडीआरएफ एवं स्थानीय प्रशासन की टीम दोनों युवकों की तलाश में लगातार रेस्क्यू अभियान चला रही है।**


मौ. उमैर


मौ. अदनान

## पति पर गला दबाने का आरोप, मुक़दमा दर्ज

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव बीरबलपुर उर्फ बूढ़पुर निवासी महिला काजल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी योगेश पुत्र राजे सिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसकी ससुराल वाले दहेज़ के लिए उसका उत्पीड़न कर रहे थे। महिला का आरोप है कि पति योगेश, ससुर राजे सिंह व सास उषा देवी ने काजल के साथ मारपीट की। उसने फोन करके अपने मायके से माता-पिता को बुला लिया। आरोप है कि जब उसके माता-पिता आए तो ससुराल वालों ने उनके साथ भी गाली गलौज करते हुए मारपीट की। महिला का आरोप है कि उसके पति योगेश ने उसका गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत तीन लोगों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## एक्सप्रेस-वे पर बढ़ती दुर्घटनाएं चिंता का सबब

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सामाजिक चिंतक काज़ी ज़ियाउर्रहमान ने एक्सप्रेस-वे पर बढ़ती दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए इस पर अंकुश लगाने की मांग की है। उन्होंने देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेस-वे के ढाई घंटे के सफर को मौत का सफर बताते हुए कहा कि इतने कम समय में लोग दिल्ली से देहरादून की बजाए स्वर्ग में पहुंच रहे हैं, क्योंकि लोगों को दौलत का नशा, कार का नशा इतना हो गया है कि शराब का नशा भी कम पड़ जाए। उन्होंने यूपी के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ की तारीफ करते हुए कहा कि कुछ भी है त्यौहारों पर बिजली का खास ख्याल रखते हैं।


### नाम परिवर्तन सूचना

पहले मेरा नाम अजमल था, जो मैंने अब बदलकर मौ. अजमल रख लिया है। अतः मुझे मौ. अजमल के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाये।

**- मौ. अजमल पुत्र मौ. फाजिल, निवासी मौहल्ला पीरजादगान, कस्बा झालू, तहसील व जिला बिजनौर।**


## हुसैनियों ने शरबत बांटकर दिया इंसानियत का पैगाम



**स्योहारा ( चिंगारी )।** मोहर्रम उल हराम के मौके पर शहर के हुसैनियों ने इमाम हुसैन की याद में इंसानियत का पैगाम दिया। सैयद महबूब हुसैन उर्फ सैयद गद्दी नाशी सिलसिला नूरानिया और उनके परिवार के लोगों ने ठाकुरद्वारा रोड पर शरबत की छबील लगाकर राहगीरों, मजदूरों और मुसाफिरों को ठंडा शरबत पिलाया। इस दौरान इमाम हुसैन की कुर्बानी और सब्र-ओ-अदल के पैगाम को याद किया गया। सैयद महबूब अली ने कहा कि इमाम हुसैन ने जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई थी, आज भी हमें नफ़रत छोड़कर मोहब्बत बांटनी चाहिए। इस मौके पर मतलूब आलम, चांद आलम, शान, मारूफ अली, रऊफ अली, सैयद दानिश, काशिफ, ताबिश, मोहसिन, अयान, सैय्यद ऐरिश, तारिक, वसी, नदीम सलमानी आदि मौजूद रहे।

## आर.एम. ने किया बिजनौर डिपो का निरीक्षण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के मुरादाबाद क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अमरीन अख्तर ने एसएम अनुराग यादव के साथ बिजनौर रोडवेज डिपो और वर्कशॉप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डिपो की व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, बस संचालन और अभिलेखों की स्थिति का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। शनिवार को आरएम अमरीन अख्तर ने वर्कशॉप पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली और संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया कि काम समय से और मानकों के अनुसार पूरा किया जाए ताकि बसों के संचालन में कोई परेशानी न हो। इसके बाद उन्होंने रोडवेज डिपो परिसर का निरीक्षण किया। यहां साफ-सफाई की व्यवस्था देखी और चालक व परिचालकों की ड्यूटी से संबंधित रजिस्टरों की जांच की। उन्होंने समय से बसों के संचालन और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान डिपो कार्यालय में रखी विभिन्न फाइलों और अभिलेखों को भी देखा गया। आरएम अमरीन अख्तर ने अधिकारियों से कहा कि यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए तथा डिपो की व्यवस्थाएं व्यवस्थित और पारदर्शी रहनी चाहिएं। आरएम अमरीन अख्तर ने निरीक्षण के दौरान पेयजल की टूटी टोटी, रोडवेज परिसर में बंद पंखों व टूटी कुर्सी पर नाराजगी जताई। उन्होंने पेयजल की टंकी के पास सफाई कराने, बंद पंखों को चालू कराने व टूटी कुर्सी की हटाने के निर्देश एआरएम बिजनौर को दिये। निरीक्षण के दौरान आरएम अमरीन अख्तर के साथ एसएम अनुराग यादव, एआरएम बिजनौर अशोक कुमार, स्टेशन प्रभारी प्रदीप कुमार, अरविंद शर्मा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## टिकट मांगने पर महिला कंडक्टर से की अभद्रता, पत्थर मारकर बस का शीशा तोड़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर-चांदपुर मार्ग पर शनिवार दोपहर एक अनुबंधित रोडवेज बस में टिकट मांगने पर नशे में धुत्त एक युवक ने महिला परिचालक से अभद्रता और गाली-गलौज की। बस से उतारे जाने के बाद आरोपी ने गुस्से में बस पर पत्थर फेंक दिया, जिससे बस का अगला शीशा टूट गया। टूटे हुए कांच की चपेट में आने से बस में दो यात्री घायल हो गये। जानकारी के अनुसार बिजनौर डिपो की अनुबंधित बस संख्या यूपी-22 टी-7907 शनिवार दोपहर बिजनौर से सवारियां लेकर चांदपुर जा रही थी। बस में तैनात महिला परिचालक खुशबू ने एक युवक से टिकट बनवाने के लिए कहा। आरोप है कि युवक नशे की हालत में था और उसने टिकट लेने के बजाय महिला परिचालक के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ने पर चालक योगेन्द्र कुमार और अन्य यात्रियों ने युवक को बस से नीचे उतार दिया। इससे नाराज होकर युवक ने बस पर पत्थर फेंक दिया, जिससे सामने का शीशा चकनाचूर हो गया। शीशे के कांच के टुकड़े बस में बैठे दो यात्रियों को लगने से वे घायल हो गए। घटना के बाद चालक योगेन्द्र कुमार ने यात्रियों की मदद से आरोपी युवक को पकड़ लिया और डायल-112 पीआरवी को सूचना दी। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। महिला परिचालक खुशबू ने आरोपी के खिलाफ शहर कोतवाली में तहरीर दी है। शहर कोतवाल अवनीत मान का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## दुकानदारों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी ने कार्यकर्ताओं के साथ नगर के मैन बाजार में दुकान-दुकान जाकर केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

शनिवार को दोपहर बाद पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी के नेतृत्व में पंचवटी से सम्पर्क अभियान की शुरूआत की गई। पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 9 वर्षों के सफल कार्यकाल में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों से अवगत कराया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी, पल्लव अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, अवनीश त्यागी, बाबूराम जोशी, विवेक भाटिया, नरेंद्र कुमार, मंडल अध्यक्ष मीनू राजपूत, विकास गुप्ता रॉकी, परितोष चौहान, राकेश चौधरी, सुरेंद्र खन्ना, हरिराज सिंह, पलक अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, श्रीमती संध्या शर्मा, श्रीमती रूपा देवी, जगदीश गिरि, अंकुर अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, प्रशांत जोशी, महिपाल चौहान, हरपाल चौहान, सौरभ राणा, जयवीर सिंह, अशोक सैनी, नितिन कुमार, लेखराम सिंह, गजराज सिंह, कमल चौहान, मदन सिंह, लोकेश कुमार, अशोक कुमार, ऋषिपाल सिंह, कपिल कुमार, सचिन शर्मा, जितेंद्र सिंह, दीपक कुमार, कुंवर सेन, बेगराज सिंह, चरण सिंह, राजेंद्र त्यागी, केपी सिंह, कुलदीप सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता रहे।



# भीषण गर्मी में नजीबाबाद की बिजली व्यवस्था चरमराई

## सही ढंग से बिजली आपूर्ति न होने से लोग पसीना-पसीना

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भीषण गर्मी में नजीबाबाद की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। कही ट्रांसफार्मर जलने व कई लाइनों में लगातार फाल्ट होने से सही ढंग से बिजली आपूर्ति न होने से लोग पसीना-पसीना हो रहे है। एक लाख से भी अधिक आबादी वाले शहर में बिजली की इस व्यवस्था से लोग काफी दुखी है। हर साल जैसे-जैसे भीषण गर्मी बढ़ती जाती है, वैसे-वैसे ही यहां बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ती जाती है। तपिश से भरे जून के महीने में गर्मी का यह हाल है कि लोग बिना पंखे व कूलर के सामने बैठे बेहाल हो रहे हैं। इतनी भयंकर गर्मी के लोग बुरी तरह से झुलस रहे है, पसीने में नहा रहे है। इसी बीच बिजली की दिन-रात आंख मिचैनी तथा लो वोल्टेज की समस्या ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। नजीबाबाद में गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति लगातार सही तरह से चले इसके लिए ना तो अधिक क्षमता के पर्याप्त मात्रा में ट्रांसफार्मर है ना ही बिजली की नई लाइनें व मशीनरी है। बिजली आती है कुछ ही समय में वोल्टेज घट कर सौ से भी कम रह जाती है। दिन-रात बिजली के आने व जाने का सिलसिला चलता रहता है। जिससे गर्मी में लोगों के पंखे, कूलर व एसी केवल शोपीस बनकर रह जाते हैं। झुलसा देने वाली गर्मी के समय जब लोगों को बिजली की सही ढंग से पूरी आपूर्ति की जरूरत होती है। बिजली के आने-आने व ट्रिपिंग व कम वोल्टेज का सिलसिला शुरू हो जाता है। जिससे बिजली 20 घंटे में 10 घंटे भी सही तरह से नहीं मिल पाती है। शहरवासियों ने नगर के जनप्रतिनिधियों व बिजली विभाग के अधिकारियों से नगर की चरमाराई बिजली व्यवस्था में सुधार कराने की मांग की है। उधर बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि भीषण गर्मी पड़ने व बारिश न होने की वजह से बिजली आपूर्ति में दिक्कतें आ रही हैं, जिसे विभाग लगातार सुधारने में लगा हुआ है।

## महिला से पर्स छीनने की घटना खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** थाना पुलिस ने महिला से पर्स छीनने की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस तीसरे आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार 17 जून 2026 को एक व्यक्ति ने थाना नजीबाबाद में तहरीर देकर बताया था कि उसके माता-पिता मोटरसाइकिल से नगीना से अपने घर लौट रहे थे। एनआईआईटी कॉलेज के पास नहर पुल पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसकी मां के हाथ से पर्स छीन लिया। मामले में थाना नजीबाबाद पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। विवेचना के दौरान चन्द्रकान्त उर्फ चिन्टू निवासी ग्राम छितावर, अक्षित उर्फ कलुआ तथा लक्की निवासी ग्राम हैबतपुर थाना किरतपुर की संलिप्तता प्रकाश में आई। पुलिस ने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार आरोपी चन्द्रकान्त उर्फ चिन्टू के खिलाफ थाना किरतपुर में वर्ष 2024 में चोरी, जालसाजी, चोरी का माल रखने तथा आर्म्स एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज है।

# मोहर्रम के अखाड़ों में चाहशीरी का दबदबा

## शानदार प्रदर्शन के बल पर उस्ताद बेबी का अखाड़ा रहा अव्वल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मोहर्रम के अवसर पर बिजनौर शहर में इस वर्ष सुन्नी समुदाय की ओर से पारंपरिक उत्साह और अकीदत के साथ तीन अखाड़े निकाले गए। तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर मोहर्रम की दसवीं तारीख को शहर की सड़कों पर निकले अखाड़ों ने अपने पारंपरिक खेल, लाठी, बरेटी और अन्य हैरतअंगेज़ करतबों से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। देर रात घंटाघर पर हुए मुकाबले में मोहल्ला चाहशीरी का अखाड़ा शानदार प्रदर्शन के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रहा। इस वर्ष मोहल्ला मिर्दगान से दो अखाड़े निकाले गए। इनमें एक अखाड़े की देखरेख उस्ताद अज़ीम अहमद उर्फ अज्जू ने की, जबकि दूसरे अखाड़े का संचालन उसके उस्ताद नौशाद अहमद की निगरानी में हुआ। वहीं मोहल्ला चाहशीरी से गिंदौड़ा पहलवान के नाम से प्रसिद्ध अखाड़ा वरिष्ठ सभासद एवं उस्ताद जुल्फिकार बेग उर्फ बेबी के नेतृत्व में निकाला गया, जिसने पूरे आयोजन में अनुशासन, उत्कृष्ट प्रदर्शन और आकर्षक साज-सज्जा के कारण विशेष पहचान बनाई। मोहर्रम की दसवीं तारीख की रात तीनों अखाड़े शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पारंपरिक अंदाज़ में आगे बढ़े। ढोल-ताशों की गूंज और खिलाड़ियों के जोशीले करतबों को देखने के लिए जगह-जगह लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अखाड़ों में शामिल खिलाड़ियों ने लाठी, तलवार, बनैती सहित कई पारंपरिक युद्धक कलाओं का प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। रात्रि करीब 12:30 बजे तीनों अखाड़े घंटाघर पहुंचे, जहां उस्तादों की मौजूदगी में खिलाड़ियों के बीच कौशल प्रदर्शन का मुकाबला शुरू हुआ। यह मुकाबला सुबह करीब पांच बजे तक चला। प्रदर्शन, अनुशासन, तालमेल और साज-सज्जा के आधार पर किए गए मूल्यांकन में मोहल्ला चाहशीरी का अखाड़ा प्रथम स्थान पर रहा। विशेष रूप से अखाड़े की भव्य सजावट और खिलाड़ियों के संतुलित प्रदर्शन ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। क्षेत्राधिकारी नगर (सीओ सिटी) अभय कुमार पाण्डेय तथा शहर कोतवाल अवनीत मान भारी पुलिस बल के साथ लगातार मौके पर मौजूद रहे और व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। पुलिस प्रशासन की सतर्कता के चलते कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम के समापन पर वरिष्ठ सभासद एवं अखाड़े के उस्ताद जुल्फिकार बेग उर्फ बेबी ने शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से आयोजन संपन्न कराने में सहयोग देने के लिए पुलिस प्रशासन, नगरवासियों तथा सभी खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मोहर्रम का यह पारंपरिक आयोजन आपसी भाईचारे, अनुशासन और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जिसे सभी के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।




# दून के डीएम व एसएसपी के कुशल मैनेजमैंट के चलते मैनेज हुआ निहंगों का मामला



**देहरादून ( चिंगारी )।** जनपद में कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल स्वयं मौके पर डटे रहे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनाक्रम की लगातार निगरानी करते हुए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों का नेतृत्व किया और निहंग समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संवाद स्थापित कर स्थिति को शांतिपूर्वक सामान्य बनाया, साथ पांवटा साहिब में निहंग सिखों और प्रशासन के बीच सहमति बनीं और निहंग सिख पांवटा वापस लौटने शुरू हो गए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट मार्गदर्शन एवं निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन, पुलिस एवं इंटेलीजेंस तंत्र की समयबद्ध, समन्वित और संवेदनशील कार्यवाही के परिणामस्वरूप पांवटा साहिब सीमा से उत्पन्न संभावित तनावपूर्ण स्थिति का शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया गया। प्रशासन एवं पुलिस की सूझबूझ, प्रभावी रणनीति तथा निरंतर संवाद के चलते देहरादून पहुंचे निहंग श्रद्धालु वार्ता के बाद शांतिपूर्वक वापस पांवटा साहिब (हिमाचल प्रदेश) लौट गए। पूरे घटनाक्रम में उत्तराखंड पुलिस के इंटेलीजेंस तंत्र ने भी महत्वपूर्ण एवं प्रभावी भूमिका निभाई। समय रहते प्राप्त सूचनाओं, निरंतर फील्ड मॉनिटरिंग तथा विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय के आधार पर संभावित परिस्थितियों का पूर्व आकलन किया गया, जिससे सुरक्षा प्रबंधन को प्रभावी ढंग से संचालित करने में सहायता मिली।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक (इंटेलीजेंस) सरिता डोभाल एवं पुलिस अधीक्षक (इंटेलीजेंस) मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में इंटेलीजेंस इकाइयों ने संवेदनशील गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए रखी। वार्ता के दौरान श्रद्धालुओं की बात गंभीरता से सुनी गई तथा उन्हें कानून–व्यवस्था एवं जनहित के दृष्टिकोण से आवश्यक जानकारी एवं समझाइश दी गई।

# राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण में लेटलतीफी पर बैठक में जताया रोष

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानियों की एक बैठक आईएसबीटी परिसर ऋषिकेश शहीद स्मारक में आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में उत्तराखंड में प्रशासनिक व्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई है। हर तरफ हुड़दंग हो रहे हैं। सरकार और प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। राज्य सरकार राज्य की आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण के मामले की लेटलतीफी से उनमें आक्रोश व्याप्त है। अगर सरकार का इसी तरह ढुलमुल रवैया रहा तो बड़े आंदोलन के लिए सरकार तैयार रहे। मूल निवास, भू कानून तथा परिसीमन के मुद्दों पर वक्ताओं ने कहा कि यह समझ नहीं आ रहा कि सरकार जनहित के मुद्दों को नकार क्यों रही है। आमजन त्रस्त हैं, भ्रष्टाचारियों की मानों बाढ़ सी आ गई हैं। बैठक में समिति के अध्यक्ष डीएस गुसाईं, गम्भीर सिंह मेवाड़, बलबीर सिंह, बलबीर सिंह नेगी, चंदन पवार, इस्क्रम पोखरियाल, लखबीर सिंह चौहान, एच एन सिंह, प्रेम सिहं रावत, महेंद्र सिंह बिष्ट, जगदीश प्रसाद भट्ट, विशंभर दत्त डोभाल, बृजेश डोभाल, महादेव रांगड, जनार्दन पुंडीर, गोविंद सिंह, सुमंत शर्मा, कुसुम लता शर्मा, उर्मिला डबराल, सुशीला पोखरियाल, रविंदर कौर, जयंती नेगी, शकुंतला नेगी, शीला ध्यानी, सुशील राणा आदि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता चंदन सिंह पवार एवं संचालन गंभीर सिंह मेवाड़ ने किया।

# संत निरंकारी मिशन ने जोन स्तरीय बाल सभागम का आयोजन किया

## बच्चों ने भजन, कविताएं, लघु नाटक प्रस्तुत किये

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में दिल्ली रोड स्थित ग्रैंड अशोक फार्म, में जोन स्तरीय संत निरंकारी बाल समागम का आयोजन हुआ, जिसमें मसूरी जोन की लगभग 63 शाखाओं से आए नन्हे–मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बाल समागम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ते हुए उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित करना तथा उनमें प्रेम, सेवा, सद्भाव और मानवता जैसे गुणों का विकास करना था। इस अवसर पर दिल्ली से आई ज्ञान प्रचारक बहन डॉ. ज्ञानमनी सक्सेना ने कहा कि बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से ही आध्यात्मिक ज्ञान एवं श्रेष्ठ संस्कारों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। आध्यात्मिक शिक्षा बच्चों के चरित्र निर्माण की मजबूत नींव रखती है तथा उन्हें जीवन में सही दिशा, सकारात्मक सोच और उत्तम व्यक्तित्व प्रदान करती है। आयोजन में बाल संतों ने भजन, कविताएँ, प्रेरणादायी विचार, लघु नाटक तथा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के समापन पर ब्रांच मुखी सागर कुकडेजा ने उपस्थित सभी साध संगत, अभिभावकों, बच्चों एवं आयोजन में सहयोग देने वाले स्वयंसेवकों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# पुलिस ने चरस के साथ, थाम लिया सोनू देवनाथ



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** जनपद को नशा मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे हैं अभियान में कोतवाली ऋषिकेश द्वारा क्षेत्र में टीमों का गठन कर लगातार चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। गठित पुलिस टीम द्वारा लगातार अवैध शराब,चरस,स्मैक,गांजा आदि तस्करों के ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान आस्था पथ ऋषिकेश से अभियुक्त सोनू देव नाथ उर्फ बाटली पुत्र निमाई देव नाथ निवासी गंगा आश्रम माया कुंड ऋषिकेश को 133 ग्राम अवैध चरस की तस्करी करते हुये गिरफ्तार किया गया, जिसमें एनडीपीएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। ऋषिकेश पुलिस का नशे के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक विनेश कुमार, मोहकम सिंह, पुष्पेंद्र राना शामिल थे।

# अवैध चाकू सहित गिरफ्तार

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा अवैध कार्य करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये हैं। आदेश में कोतवाली ऋषिकेश पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में पुलिस टीम गठित कर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसके रात्रि में पुलिस टीम द्वारा लेबर कालोनी चौक पर बनी पुलिया से चोरी की फिराक में घूम रहे एक व्यक्ति दिव्यांशु पुत्र राजकुमार खोसला निवासी –72 सीढ़ी ऋषिकेश को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया मुकदमा दर्ज कर दिया हैं। पुलिस टीम में सौरभ, प्रदीप कुमार, शामिल थे।

# 112 वर्ष बाद उजागर हुई रुद्रप्रयाग के वीर सपूत की अमर गाथा

## प्रथम विश्व युद्ध में वीरगति को प्राप्त राइफलमैन बहादुर सिंह रावत को मिला सम्मान



**रुद्रप्रयाग ( चिंगारी )।** जनपद रुद्रप्रयाग के लिए यह अत्यंत गौरव और सम्मान का क्षण है कि प्रथम विश्व युद्ध में मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूत राइफलमैन बहादुर सिंह रावत की शौर्यगाथा लगभग 112 वर्षों बाद पुनः प्रकाश में आई है। लंबे समय तक इतिहास के पन्नों में दबा उनका अद्वितीय बलिदान अब प्रमाणों सहित सामने आने के बाद जनपद ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तराखंड को गौरवान्वित कर रहा है।

राइफलमैन बहादुर सिंह रावत का जन्म वर्ष 1880 में रुद्रप्रयाग जनपद के ग्राम फलई तल्ला कालीफाट (वर्तमान ग्राम फलई, डाकघर अगस्त्यमुनि) में हुआ था। उन्होंने 26 अक्तूबर 1901 को मात्र 21 वर्ष की आयु में रॉयल गढ़वाल राइफल्स की द्वितीय बटालियन में भर्ती होकर मातृभूमि की सेवा का संकल्प लिया।

वर्ष 1914 में प्रथम विश्व युद्ध प्रारंभ होने पर उनकी बटालियन को फ्रांस भेजा गया। इसी सैन्य दल में परमवीर योद्धा गब्बर सिंह नेगी भी सम्मिलित थे। 7 नवंबर 1914 को फ्रांस के यप्रेस क्षेत्र में हुए भीषण युद्ध के दौरान राइफलमैन बहादुर सिंह रावत ने अदम्य साहस, वीरता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए राष्ट्रहित में अपने प्राणों की आहुति दे दी।

उनके सर्वोच्च बलिदान के सम्मान में तत्कालीन ब्रिटिश शासन ने उनके परिजनों को श्रीर स्मृति पदक (डेथ पेनी) प्रदान किया। इस पदक पर अंकित शब्द कि उन्होंने स्वतंत्रता और सम्मान के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए, आज भी उनके अमर बलिदान की अमिट गाथा सुनाते हैं।

इस गौरवपूर्ण ऐतिहासिक तथ्य के सामने आने के बाद पूरे रुद्रप्रयाग जनपद तथा उत्तराखंड में हर्ष और गर्व का वातावरण है। लैंसडाउन छावनी के स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने शहीद के परिजनों को सम्मानित कर वीर सपूत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### "पूरे देश के लिये गर्व का विषय

सामाजिक कार्यकर्ता अजय भट्ट ने बताया कि लगभग 112 वर्षों बाद सेना के अभिलेखों और उपलब्ध ऐतिहासिक प्रमाणों के आधार पर राइफलमैन बहादुर सिंह रावत के अद्वितीय शौर्य और बलिदान की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि यह केवल उनके परिवार ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण उत्तराखंड और देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आह्वान किया कि ऐसे अमर वीरों के जीवन, त्याग और राष्ट्रभक्ति से नई पीढ़ी को अवश्य परिचित कराया जाना चाहिए, ताकि उनके आदर्श सदैव समाज को प्रेरणा देते रहें।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# देश के अग्रणी विनिर्माण केंद्रों में शामिल होगा उत्तर प्रदेश- अश्विन वैष्णव

**गौतमबुद्धनगर/लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** केंद्रीय रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को गौतमबुद्धनगर में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के शिलान्यास कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास, निवेश और तकनीकी प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश-देश का प्रमुख सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को जेवर तक लाने में सफलता मिली है।

उन्होंने कहा कि जिन इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के लिए भारत पहले लगभग 40 हजार करोड़ रुपये का आयात करता था, उनका निर्माण अब देश में ही होगा और जेवर इसका प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की अनेक बड़ी परियोजनाएं स्थापित होंगी और प्रदेश-देश के अग्रणी विनिर्माण केंद्रों में शामिल होगा। रेल मंत्री ने बुलेट ट्रेन परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी, पटना, सिलीगुड़ी बुलेट ट्रेन कॉरिडोर को स्वीकृति मिल चुकी है।











